# श्रमसाधना

श्रम की शक्ति, राष्ट्र की प्रगति

हम बनेंगे आपकी आवाज
स्कैन करें और चैनल से जुड़े

shramsadhnagwl@gmai.com | www.shramsadhnanews.com

दैनिक सांध्यकालीन

RNI रजि. क्र. 50069/89

वर्ष : 38, अंक : 65 ग्वालियर, सोमवार 05 अक्टूबर 2026
विक्रम संवत् 2083 पृष्ठ 12, मूल्य 1 रुपया

डाक पंजीयन
L-2-13/समा.पत्र/पं. 40020181/22-23


### बरेला में सड़क किनारे बैठकर पी चाय, सास-बहू के ढाबे पर की मुलाकात; बच्चों को निःशुल्क कोचिंग देने वाले युवा का किया सम्मान

# चाय की दुकान पर अचानक रुका मुख्यमंत्री का काफिला

जबलपुर जीएनएस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का रविवार को जबलपुर प्रवास के दौरान सहज और आम लोगों से जुड़ा अंदाज देखने को मिला। मंडला में तेंदूपत्ता बोनस वितरण कार्यक्रम में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री सड़क मार्ग से जबलपुर के डुमना विमानतल की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान बरेला में शारदा माता मंदिर के सामने उन्होंने अचानक अपना काफिला रुकवा दिया और सड़क किनारे स्थित अग्रवाल होटल की चाय की दुकान पर पहुंच गए। मुख्यमंत्री को अचानक अपने बीच देखकर स्थानीय लोग भी उत्साहित हो गए।

मुख्यमंत्री ने दुकान पर आम लोगों के बीच बैठकर चाय पी। उन्होंने दुकान संचालक से बातचीत कर दुकान और उसके संचालन के बारे में जानकारी ली। खास बात यह रही कि चाय के पैसे का भुगतान भी मुख्यमंत्री ने स्वयं किया। मुख्यमंत्री के मंडला से सड़क मार्ग से जबलपुर आने की जानकारी मिलने के बाद बरेला में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उनके स्वागत के लिए एकत्र हुए थे। लोगों को देखकर मुख्यमंत्री ने अपना काफिला रुकवाया और कुछ समय उनके बीच बिताया।



इसके बाद मुख्यमंत्री का काफिला बरेला स्थित सन राइज फैमिली ढाबे पर भी रुका। यह ढाबा सास-बहू आरती दुबे और सुरभि दुबे मिलकर संचालित करती हैं। मुख्यमंत्री ने यहां भी चाय पी और दोनों से बातचीत की। उन्होंने परिवार के सदस्यों का हालचाल जाना तथा ढाबे के संचालन और कामकाज के बारे में जानकारी ली। स्थानीय लोगों के बीच मुख्यमंत्री का इस तरह सहजता से समय बिताना चर्चा का विषय रहा।

ढाबे पर मुख्यमंत्री ने बरेला के बच्चों को निःशुल्क कोचिंग देने वाले युवा मयंक साहू से भी मुलाकात की। उन्होंने बच्चों की पढ़ाई के लिए मयंक साहू द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और शॉल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने बच्चों को शिक्षा के लिए निःशुल्क मार्गदर्शन देने की पहल को प्रोत्साहन देने वाला कार्य बताया।

मुख्यमंत्री के अचानक चाय की दुकान पर रुकने से आसपास मौजूद लोगों को उनसे सीधे मिलने और बातचीत करने का अवसर मिला। सुरक्षा व्यवस्था के बीच लोगों ने मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। कुछ समय रुकने के बाद मुख्यमंत्री का काफिला आगे के लिए रवाना हो गया।

मुख्यमंत्री के इस संक्षिप्त पड़ाव में चाय की दुकान पर आम लोगों के बीच बैठना, स्थानीय दुकानदार से बातचीत करना, सास-बहू द्वारा संचालित ढाबे पर रुकना और बच्चों को निःशुल्क पढ़ाने वाले युवा का सम्मान प्रमुख रूप से सामने आया। बरेला में मुख्यमंत्री का यह सहज अंदाज स्थानीय लोगों के बीच चर्चा में रहा।

### उप मुख्यमंत्री ने स्थापना दिवस समारोह का किया शुभारंभ

# रूपन बारी की वीरता और शौर्य पर हम सबको गर्व : राजेंद्र शुक्ल

भोपाल जीएनएस

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि रूपन बारी की वीरता और शौर्य पर हम सभी को गर्व है। रूपन बारी अप्रतिम योद्धा थे। सेना का नेतृत्व करते हुए शत्रुओं पर पहला वार उनकी तलवार से होता था। देश की स्वतंत्रता के लिए हजारों वीरों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया, जिसके परिणामस्वरूप आज हम स्वतंत्र भारत में जीवन जी रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री रविवार को मानस भवन में आयोजित रूपन बारी समाज सेवा संगठन समिति के दूसरे स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



शुक्ल ने कहा कि देश को गुलामी की बेड़ियों से मुक्त कराने के लिए अनेक वीरों ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया। उनके त्याग और बलिदान को हमेशा याद रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित और विश्वगुरु बनाने का संकल्प लिया है। उनके नेतृत्व में देश विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि रूपन बारी जैसे वीरों ने जिस सशक्त और विकसित भारत का सपना देखा था, उसे साकार करने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है।

### मालनपुर मंडल में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठजनों की सेवा और जनकल्याण को बताया अभियान का मुख्य ध्येय

# सेवा सेतु अभियान में 272 योजनाओं का लाभ

ग्वालियर जीएनएस

सेवा सेतु अभियान के तहत मालनपुर मंडल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष केपी यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान विभिन्न शासकीय योजनाओं के माध्यम से आम नागरिकों को लाभ प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में जिला प्रभारी हमीर सिंह पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती राय, मुकेश किरार, मंडल अध्यक्ष उदय सिंह कुशवाहा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र



गुर्जर, किसान मोर्चा के जिला मंत्री सत्यभान गुर्जर, पूर्व मंडल अध्यक्ष देवेंद्र गौड़, महामंत्री विनोद सिकरवार, सुरेंद्र गौड़, पूर्व जनपद सदस्य नवाब जाटव सहित प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी, पत्रकार और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अभियान के तहत विभिन्न विभागों की 272 योजनाओं के माध्यम से आम नागरिकों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठजनों का सम्मान और उनकी सेवा को अभियान का प्रमुख उद्देश्य बताया गया। आयोजकों ने कहा कि समाज के वरिष्ठजनों का आशीर्वाद और उनकी सेवा ही सेवा सेतु अभियान का मुख्य ध्येय है।

# एक बोलने को बेताब, दूसरा सुनने को आतुर

### पूर्व मंत्री भगवान सिंह यादव और पूर्व विधायक गजराज सिंह सिकरवार के बीच आत्मीय संवाद ने बनाया भावुक माहौल

ग्वालियर जीएनएस

राजनीति में अलग-अलग दलों में अपनी पहचान रखने वाले पूर्व मंत्री भगवान सिंह यादव और पूर्व विधायक गजराज सिंह सिकरवार के बीच मुलाकात का आत्मीय दृश्य सामने आया। दोनों नेताओं के बीच बातचीत के दौरान ऐसी स्थिति बनी कि एक बोलने को बेताब नजर आए, तो दूसरा सुनने को आतुर।

पूर्व विधायक गजराज सिंह सिकरवार पिछले काफी समय से बीमार हैं। इसी के चलते पूर्व मंत्री भगवान सिंह यादव उनका



हालचाल जानने उनके निवास पर पहुंचे। भगवान सिंह यादव को सामने देखकर गजराज सिंह सिकरवार आत्मीय भाव से उठकर बैठ गए। इस दौरान पूर्व मंत्री ने उनका हालचाल पूछा और दिल्ली में उन्हें मिले राष्ट्रीय सहकारिता विभूषण पुरस्कार के बारे में भी बताया।

पुरस्कार मिलने की बात सुनकर गजराज सिंह सिकरवार बेहद खुश नजर आए। हालांकि, बीमारी के कारण वे बोलने में असमर्थ थे, इसलिए उन्होंने इशारों के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान वे पूर्व मंत्री का हाथ थामे भावुक दिखाई दिए। मुलाकात के समय भगवान सिंह यादव के साथ रामलखन सेन, सौरभ, सुरुचि बौहरे सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**ससुर से कहा—मेरी बहू को जिताना**

इस आत्मीय मुलाकात के दौरान पूर्व मंत्री भगवान सिंह यादव ने महापौर चुनाव का प्रसंग भी छेड़ा। उन्होंने पूर्व विधायक गजराज सिंह सिकरवार से कहा कि उनकी बहू श्रीमती शोभा सिकरवार महापौर पद का चुनाव लड़ रही हैं, इसलिए उन्हें जिताना होगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व विधायक गजराज सिंह सिकरवार, विधायक सतीश सिंह सिकरवार के पिता हैं और शोभा सिकरवार उनकी बहू हैं।

## शारदा विहार की प्राचीन बावड़ी में श्रमदान, एक ट्रॉली मलबा हटाया

ग्वालियर जीएनएस

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत रविवार को शारदा विहार स्थित प्राचीन बावड़ी में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। नगर निगम आयुक्त अभिषेक चौधरी के निर्देश और अपर आयुक्त टी. प्रतीक राव के मार्गदर्शन में आयोजित अभियान में नगर निगम अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ सामाजिक संस्थाओं, अधिकृत संस्थाओं और स्थानीय नागरिकों ने श्रमदान किया। अभियान के दौरान बावड़ी परिसर में जमा मलबा, कचरा और गंदगी को हटाया गया।

# मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में भिंड जिले का रहा वर्चस्व

**प्रवल प्रताप सिंह तोमर उर्फ रघु भैया के जन्म दिवस पर आयोजित की गई 5 किलोमीटर लंबी मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता**

**पोरसा, जीएनएस।**

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के पुत्र प्रबल प्रताप सिंह तोमर उर्फ रघु भैया के जन्म दिवस की उपलक्ष में शिवम अनिल सिंह तोमर उर्फ शिबू एवं उनके समस्त मित्र गणों के द्वारा आज 5 किलोमीटर लंबी मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,,, दौड़ प्रतियोगिता में दौ सैकड़ा लोगों ने भाग लिया, दौड़ प्रतियोगिता को हरी हांडी आसमानी माता मंदिर पर शिवम सिंह तोमर ने दिखाई,, दौड़ ओरेठी से चल कर अटेर रोड चौराह पोरसा पर हुआ,,,समापन अटेर रोड चौराहे पर किया गया दौड़ सुबह 7~30 बजे की गई इसके विजेताओं को पुरस्कार वितरण अटेर रोड चौराहे पर ही किया गया पुरस्कार वितरण



समारोह में मुख्य अतिथि अशोक सिंह तोमर अध्यक्ष प्रतिनिधि नगर पालिका पोरसा,,एवं अध्यक्षता रामवीर सिंह तोमर भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष तथा विशेष अतिथि देवेश सिंह तोमर प्रतिनिधि जनपद अध्यक्ष,,, नगर निरीक्षक जयवीर सिंह भदोरिया पोरसा,थाना प्रभारी रजौधा सोबरन सिंह यादव ,,अरविंद सिंह तोमर ठेकेदार,, जगरूप सिंह तोमर ,,जसराम सिंह तोमर ,,सत्यवान सिंह तोमर उर्फ भूरे सरपंच मौजूद थे कार्यक्रम का सफल संचालन धीरज पचौरी ने किया उक्त कार्यक्रम में रेफरी के रूप में सनी सिंह तोमर ,ओमवीर सिंह तोमर, अतुल सिंह के द्वारा विजेता घोषित किए गए,,इस कार्यक्रम में विजेता प्रथम पुरस्कार आशीष सिंह गुर्जर सुकांड गोरमी भिंड ,,,द्वितीय पुरस्कार उदयवीर सिंह रौन भिंड ,,,तृतीय पुरस्कार राहुल ब्यास पोरसा ,,,प्रथम टॉप 10 में आने वाले सौरभ फौजी धनेटा, राम भारत भिंड ,,आकाश यादव भिंड ,,गजेंद्र ग्वालियर,, विवेक मेहगांव ,,देव सिंह परमार वीरपुर,, आकाश गुर्जर रहे जबकि बालिकाओं में प्रथम पुरस्कार मुस्कान बघेल सिहोढा,, द्वितीय पुरस्कार दिव्या बघेल सोहढा,, तृतीय पुरस्कार रंजन केवट ग्वालियर,, चतुर्थी पुरस्कार गायत्री भोपाल को मिला।

## कलेक्टर ने निरस्त किए 5 पट्टे, जमीन फिर बनी शासकीय- तहसील गोहद के ग्राम विसवारी में शासकीय बीहड़ की जमीन..

**गोहद, जीएनएस।**

गोहद में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष का 5 बीघा नहीं, 5 हेक्टेयर का फर्जीवाड़ा! कलेक्टर ने निरस्त किए 5 पट्टे, जमीन फिर बनी शासकीय- तहसील गोहद के ग्राम विसवारी में शासकीय बीहड़ की जमीन को अपात्रों में बांटने का 23 साल पुराना खेल अब उजागर हो गया है। कलेक्टर किरोड़ी लाल मीना ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नायब तहसीलदार एण्डोरी के 2003 के आदेश से दिए गए 5 पट्टे निरस्त कर दिए हैं। सूत्र बताते हैं कि उक्त पट्टे भाजपा मंडल उपाध्यक्ष के बताए गए हैं साथ ही युक्त मंडल उपाध्यक्ष को भाजपा के एक बड़े नेता का आशीर्वाद प्राप्त है!

आदेश के मुताबिक

सर्वे क्रमांक 247/1 रकबा 2.500 हे., 247/2 रकबा 0.8400 हे., 395 मिन 3 रकबा 1.08 हे., 395 मिन 1 रकबा 1.17 हे. और 399/2/3 रकबा 0.50 हे. की कुल करीब 5.59 हेक्टेयर जमीन का पट्टा तत्काल प्रभाव से निरस्त कर शासकीय घोषित किया गया है।

कलेक्टर ने नायब तहसीलदार एण्डोरी को आदेश दिया है कि इन जमीनों को रिकॉर्ड में शासकीय दर्ज कर कब्जा लिया जाए। वहीं इसी प्रकरण क्रमांक 0009/2002-03/अ-19 से जुड़े अन्य आबंटनों पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। कलेक्टर ने माना कि यह देखना जरूरी है कि बाकी आबंटन नियमानुसार हुए हैं या नहीं। इसके लिए एसडीएम गोहद को निर्देश दिए हैं कि वह अपने यहां पूर्व में चल रहे अपील प्रकरण क्रमांक 0072/2023-24, 0090/2022-23 और 0084/2022-23 को फिर से सुनवाई पर लेकर सभी पक्षों को सुनकर विधिसम्मत निराकरण करें।

## अग्रवाल जागरण वाहन रैली आज, शहरभर में निकलेगी विशाल रैली, भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना

**ग्वालियर।** अग्रसेवा संस्थान, ग्वालियर द्वारा रविवार, 4 अक्टूबर 2026 को अग्रवाल जागरण वाहन रैली का आयोजन किया जा रहा है। रैली को भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी श्री आशीष उषा अग्रवाल हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। संस्थान के अध्यक्ष श्री अजय कुमार जैन ने बताया कि रैली का शुभारंभ सुबह 9 बजे कोटेश्वर मंदिर, बहोड़ापुर से होगा। इसके बाद रैली किला गेट, हजारी, गोले का मंदिर, मुरार, अंचलेश्वर, सदर बाजार, पटेल नगर सिटी सेंटर, एजी पुल, विवेकानंद चौराहा, अचलेश्वर, दाल बाजार, नया बाजार, लोहिया बाजार, दौलतगंज, महाराज बाड़ा, फूलबाग, गांधी रोड सहित शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर निकलेगी। समापन फूलबाग मैदान में होगा, जहां समाज के लोगों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई है। रैली में शहर की लगभग 40 अग्रवाल संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में समाजजन शामिल होंगे। रैली में करीब 500 दुपहिया वाहन, 50 कार एवं 40 टेम्पो सहित लगभग 1500 से 2000 पुरुष एवं महिलाएं शामिल होने की संभावना है। समाज के बुजुर्गों एवं महिलाओं के लिए टेम्पो की विशेष व्यवस्था की गई है।

## गोदाम में 19 क्विंटल अवैध पटाखे मिले, दो गिरफ्तार

**दीपावली से पहले शिकोहाबाद में पुलिस-एसओजी और फायर सर्विस की संयुक्त कार्रवाई**

**शिकोहाबाद।** दीपावली से पहले अवैध पटाखों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। शिकोहाबाद पुलिस, एसओजी और फायर सर्विस की संयुक्त टीम ने पंजाबी कॉलोनी स्थित गोदाम से 19 क्विंटल अवैध पटाखे बरामद किए। मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार, शुक्रवार को मुखबिर ने पंजाबी कॉलोनी के एक गोदाम में अवैध पटाखे रखे होने की सूचना दी थी। सूचना पर थाना पुलिस, एसओजी और फायर सर्विस की टीम ने गोदाम पर छापा मारा। यहां से 19 क्विंटल



पटाखे बरामद हुए। पुलिस ने शिवम मल्होत्रा निवासी धोबी गली और मनीष कुमार मल्होत्रा निवासी पंजाबी कॉलोनी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया कि बरामद पटाखों के संबंध में थाना शिकोहाबाद में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम की धारा 5/9बी के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कार्रवाई एसएसपी आदित्य लांग्हे के निर्देशन में, एएसपी ग्रामीण के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के नेतृत्व में की गई। टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार, एसओजी प्रभारी प्रेम शंकर पांडेय, फायर स्टेशन अधिकारी बृजेश कुमार, उपनिरीक्षक रोहित कुमार समेत पुलिसकर्मी शामिल रहे।



**दतिया।** लहार हवेली पंचायत के आए परिणाम, मंजू देवी बनी सरपंच। मंजू को मिले 935 वोट, संगीता को 222 मतों से हराया। अविश्वास प्रस्ताव के बाद लहार हवेली पंचायत में कराया गया था उप चुनाव।

## एससी-एसटी एक्ट के दुरुपयोग की शिकायतों की जांच की मांग

**फिरोजाबाद, जीएनएस।**

राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा ने एससी-एसटी एक्ट की समीक्षा और कथित दुरुपयोग की शिकायतों की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सोपा संगठन ने कहा कि कानून का उद्देश्य वास्तविक पीड़ितों को न्याय दिलाना है, लेकिन गलत या दुर्भावनापूर्ण आरोपों की स्थिति में निर्दोष लोगों के अधिकारों की भी रक्षा होनी चाहिए।

ज्ञापन में संगठन ने एससी-



एसटी एक्ट के ऐसे प्रावधानों की समीक्षा करने की मांग की, जिनके दुरुपयोग की शिकायतें सामने आती हैं। साथ ही विवादित मामलों में निष्पक्ष और वैधानिक जांच की व्यवस्था करने तथा जांच प्रक्रिया में दोनों पक्षों को सुनने का अवसर देने की मांग की गई।

संगठन ने कहा कि यदि सक्षम जांच या न्यायिक प्रक्रिया में आरोप झूठे अथवा दुर्भावनापूर्ण साबित होते हैं तो जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की जाए। प्रभावित व्यक्ति को उचित कानूनी राहत भी मिले। आरोपों के चलते आरोपी और उसके परिवार के सामाजिक एवं आर्थिक उत्पीड़न को रोकने के लिए त्वरित कानूनी सहायता की व्यवस्था किए जाने की मांग की गई।

राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा ने एक्ट के क्रियान्वयन और दुरुपयोग संबंधी शिकायतों के अध्ययन के लिए न्यायविदों, प्रशासनिक अधिकारियों और विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों को शामिल कर राष्ट्रीय स्तर पर समीक्षा तंत्र गठित करने की मांग की।

संगठन ने कहा कि वह जातीय अत्याचार के वास्तविक मामलों में पीड़ितों को न्याय दिलाने के पक्ष में है। साथ ही किसी निर्दोष के साथ अन्याय न हो, यह सुनिश्चित किया जाना भी जरूरी है। ज्ञापन देने वालों में महानगर अध्यक्ष सौरम लहरी, जिलाध्यक्ष विपिन शर्मा, जिला मंत्री एवं मीडिया प्रभारी विकास लहरी, संदीप शर्मा, विवेक पाठक, दुर्ग?

## मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर समेत 50 पदों पर होगी भर्ती

**फिरोजाबाद।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर के 50 पदों पर सीधी भर्ती होगी। कॉलेज प्रशासन ने इसके लिए विज्ञप्ति जारी कर निर्धारित प्रारूप में आवेदन मांगे हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

विज्ञप्ति के मुताबिक प्रोफेसर के 12, एसोसिएट प्रोफेसर के 23 और असिस्टेंट प्रोफेसर के 15 पद शामिल हैं। इन पदों पर ऑर्थोपेडिक्स, प्रसूति एवं स्त्री रोग, ब्लड बैंक, एनेस्थीसियोलॉजी, कम्युनिटी मेडिसिन, जनरल मेडिसिन, बाल रोग, जनरल सर्जरी, मनोरोग, नेत्र रोग, ईएनटी, पैथोलॉजी, फार्माकोलॉजी, फोरेंसिक मेडिसिन, माइक्रोबायोलॉजी, रेडियो डायग्नोसिस, इमरजेंसी मेडिसिन, रेडियोथेरेपी और पीएमआर विभागों में नियुक्तियां की जाएंगी।

विभागवार पदों के लिए आरक्षण की व्यवस्था भी विज्ञप्ति में दी गई है। कम्युनिटी मेडिसिन में एपिडेमियोलॉजी सहायक प्रोफेसर और प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में एंटीनाटल मेडिकल ऑफिसर सहायक प्रोफेसर का पद भी शामिल है।

## व्यसन मुक्ति पखवाड़े के अंतर्गत व्याख्यान माला में छात्रों को दिलाई गई शपथ

**शिवपुरी, जीएनएस।**

पूर्व छात्र परिषद, विद्याभारती मध्यभारत प्रांत के तत्वावधान में 'समर्थ भारतङ्कस्वस्थ भारत अभियान' के अंतर्गत आयोजित व्यसन मुक्ति पखवाड़े के अवसर पर सरस्वती विद्यापीठ आवासीय विद्यालय, शिवपुरी के संविचारी विद्यालय हैप्पी डेज स्कूल, शिवपुरी में व्याख्यान माला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सरस्वती विद्यापीठ आवासीय विद्यालय, शिवपुरी के पूर्व छात्र एवं राष्ट्रीय कवि भैया श्री आशुतोष शर्मा जी उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए व्यसन के दुष्परिणामों, उससे होने वाली व्यक्तिगत एवं सामाजिक हानियों तथा युवाओं के जीवन पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। श्री आशुतोष शर्मा जी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि व्यसन व्यक्ति के स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवार एवं सामाजिक जीवन को प्रभावित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से व्यसनों से दूर रहकर स्वस्थ, अनुशासित एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। साथ ही विद्यार्थियों को अपने जीवन में किसी भी प्रकार का व्यसन न अपनाने तथा समाज में भी व्यसन मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में सरस्वती विद्यापीठ आवासीय विद्यालय, शिवपुरी के वरिष्ठ आचार्य श्री प्रयाग नारायण शर्मा जी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को व्यसनमुक्त एवं संस्कारित जीवन के लिए प्रेरित करते हुए अभियान के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुँचाने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता हैप्पी डेज स्कूल, शिवपुरी के प्राचार्य श्री विनय श्रीवास्तव जी ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वस्थ एवं संस्कारित जीवन के महत्व से अवगत कराया तथा व्यसनमुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्या भारती द्वारा 'समर्थ भारतङ्कस्वस्थ भारत अभियान' के अंतर्गत आयोजित व्यसन मुक्ति पखवाड़े के लिए सरस्वती विद्यापीठ आवासीय विद्यालय, शिवपुरी के प्रति आभार व्यक्त किया। व्याख्यान माला में विद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकगण की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में व्यसन के प्रति जागरूकता, स्वस्थ जीवनशैली, आत्मअनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का सार्थक संदेश दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को जागरूक कर उन्हें व्यसनमुक्त, स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन की दिशा में प्रेरित करना रहा।

भौतिक समृद्धि भारत को भाव दे सकती है, दिव्य नहीं बना सकती: पवैया

# समाज और सरकार साइकिल के दो पहिए, दोनों की दिशा एक होगी तभी देश आगे बढ़ेगा: डॉ. अतुल कोठारी

**ग्वालियर, जीएनएस।** जीवाजी विश्वविद्यालय एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में एनईपी-2020 के प्रमुख घटक 'शिक्षा में आत्मनिर्भरता एवं चरित्र निर्माण तथा व्यक्तित्व का समग्र विकास' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ शुक्रवार को जीवाजी विश्वविद्यालय के गालव सभागार में हुआ। कार्यशाला के मुख्य वक्ता शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी, मुख्य अतिथि राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री जयभान सिंह पवैया और अध्यक्षता जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. दिवाकर सिंह राजपूत ने की। मुख्य वक्ता डॉ. अतुल कोठारी ने कहा कि समाज और सरकार साइकिल के दो पहिए हैं। यदि दोनों पहिए एक ही दिशा में आगे बढ़ेंगे, तभी देश का विकास संभव है। विकास करना केवल सरकार का काम नहीं, बल्कि 140 करोड़ जनता की जिम्मेदारी है। सभी की भूमिका अलग-अलग हो सकती है, लेकिन दिशा एक होनी चाहिए। अपना काम प्रमाणिकता से करना ही देश की सच्ची सेवा है। डॉ. कोठारी ने कहा कि एक सर्वे के अनुसार पिछले 60 साल में जितनी घटनाएं हुईं, उससे अधिक घटनाएं पिछले 10 साल में हुई हैं। जैसे-जैसे विकास बढ़ेगा, वैसे-वैसे समस्याएं भी बढ़ेंगी। इसलिए व्यक्ति और राष्ट्र के चरित्र के साथ विकास का संतुलन जरूरी है। उन्होंने कहा कि '100 हाथ से कमाओ, लेकिन 1000 हाथ से बांटो।' धर्म हमारे कर्तव्य में है। डॉ. कोठारी ने कहा कि रोडमैपिंग दुनिया से बाहर निकलने का माध्यम है। भारत को ऐसा नया मॉडल तैयार करना होगा, जिसमें



विकास के साथ रोजगार भी बढ़े। भौतिक और आर्थिक विकास के साथ आध्यात्मिक विकास भी जरूरी है। संतुलित प्रयास में शिक्षा जगत की महत्वपूर्ण भूमिका है। विद्यार्थियों को ऐसी शिक्षा देने की जरूरत है, जिससे उनकी दृष्टि भारतीय हो। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में परिवर्तन स्वयं से शुरू होता है। जब हम स्वयं शुरुआत करते हैं तो देश पीछे चल देता है। विद्यालय और विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाया जाए। जल्द ही छोटे बच्चों के लिए स्वावलंबन का पाठ्यक्रम शुरू किया जा रहा है। दुनिया को दिशा और विकास देने का काम भारत का है। हमने पश्चिम की गंदगी स्वीकार कर ली है, जबकि उसकी अच्छाइयों को नहीं लिया। मुख्य अतिथि जयभान सिंह पवैया ने कहा कि आजादी से पहले की शिक्षा संपूर्ण मनुष्य बनाने की शिक्षा नहीं थी। भौतिक समृद्धि भारत को भाव दे सकती है, लेकिन दिव्य नहीं बना सकती। दरिद्रता से बड़ा कोई दुख नहीं हो सकता और किसी संत से मिल जाने से बड़ा कोई सुख नहीं होता। हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहना चाहिए। पवैया ने कहा कि सती प्रथा और छुआछूत जैसी कुरीतियों को सनातन परंपरा ने मिटाया है। नई शिक्षा नीति भारत की आत्मा को पुनर्जागृत करेगी। विश्वविद्यालय स्तर पर रोजगार सृजन और रोजगारपरक पाठ्यक्रमों पर काम करने की जरूरत है। गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए निजी विश्वविद्यालयों की संख्या बढ़नी चाहिए। शिक्षा का सरकारीकरण गलत है, लेकिन व्यापारीकरण अभिशाप है। विदेशों में नौकरी करने वाले विद्यार्थियों को लेकर पवैया ने कहा कि विद्यार्थी अपने जीवन का आधा हिस्सा देश से लेता है, तो उसे आधा जीवन देश को देना भी चाहिए। यह सामाजिक सरोकार नई शिक्षा नीति सिखाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलगुरु प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत ने विकसित भारत के चारों अक्षरों की व्याख्या करते हुए कहा कि 'वि' यानी विमर्श, 'क' यानी कर्तव्य, 'स' यानी सिद्धि और 'त' यानी तरंग। यदि हम इन चारों अक्षरों के मूल तत्वों को आत्मसात कर लें तो विकसित भारत को परिलक्षित कर सकते हैं। प्रो. राजपूत ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्मनिर्भरता, चरित्र निर्माण और व्यक्तित्व विकास के गुण विकसित करने की आवश्यकता है। भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़कर ही शिक्षा को व्यापक और प्रभावी बनाया जा सकता है। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। कार्यशाला के आयोजक वानस्पतिकी अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष प्रो. एमके गुप्ता एवं सूक्ष्मजीव विज्ञान अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष डॉ. सुशील मंडेरिया ने मुख्य वक्ता का शॉल एवं श्रीफल देकर स्वागत किया।

## बच्चों ने रंगों के जरिए दिया स्वच्छता का संदेश
## चित्रकला प्रतियोगिता में करीब 300 ने लिया भाग

**ग्वालियर, जीएनएस।** स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के अंतर्गत महात्मा गांधी की जयंती पर आयोजित स्वच्छ भारत दिवस पर नगर निगम द्वारा अंबेडकर पार्क में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में करीब 300 बच्चों ने भाग लिया और अपनी पेंटिंग के माध्यम से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा स्वच्छ शहर की परिकल्पना को रंगों में उकेरा। बच्चों ने अपनी कलाकृतियों के जरिए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने, कचरे का सही निस्तारण करने और अपने आसपास के वातावरण को साफ रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर मध्य भारत खादी संघ की ओर से स्टॉल भी लगाया गया।

चित्रकला प्रतियोगिता में नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक चौधरी, स्मार्ट सिटी सीईओ एवं अपर आयुक्त श्री टी. प्रतीक राव तथा उपायुक्त श्री मुकेश बंसल उपस्थित रहे। चित्रकला प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में विजुअल आर्टिस्ट श्री हितेंद्र शाक्य और फाइन आर्ट कॉलेज से जुड़े श्री इशांत शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक खेल अधिकारी सुश्री विजेता सिंह चौहान ने किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक चौधरी ने बच्चों और उपस्थित लोगों को स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि स्वच्छता हम सभी के जीवन का अभिन्न अंग है। स्वच्छ वातावरण में रहने से मनुष्य का तन, मन और बुद्धि स्वस्थ रहते हैं। इसलिए स्वच्छता को अपने जीवन में विशेष स्थान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता की शुरुआत प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर से करनी चाहिए और इसे अपनी दैनिक आदतों में शामिल करना चाहिए।

गांधी प्राणी उद्यान में वन्यप्राणी सप्ताह-2026 का शुभारंभ

## 26 विद्यालयों के 150 छात्र-छात्राएं लेंगे विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग, कल होगा चिड़ियाघर का भ्रमण

**ग्वालियर, जीएनएस।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा संचालित गांधी प्राणी उद्यान (चिड़ियाघर) में वन्यप्राणियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले वन्यप्राणी सप्ताह-2026 का शुभारंभ आज 2 अक्टूबर को किया गया। वन्यप्राणी सप्ताह 2 से 8 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है।

वन्यप्राणी सप्ताह के अंतर्गत गांधी प्राणी उद्यान में विभिन्न जागरूकता एवं प्रतियोगितात्मक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं में शहर के लगभग 26 विद्यालयों के 150 छात्र-छात्राओं द्वारा भाग लेने के लिए पंजीयन कराया गया है। प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को वन्यप्राणियों के संरक्षण, उनके प्राकृतिक आवास तथा पर्यावरण संतुलन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के संबंध में जानकारी दी जाएगी। वन्यप्राणी सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर चिड़ियाघर प्रभारी डॉ. उपेन्द्र सिंह यादव, क्यूरेटर श्री गौरव परिहार, श्री योगेन्द्र सिंह दण्डौतिया, श्री अनुराग सिंह गुर्जर, श्री अमित देवस्थली एवं श्री इकरार बेग सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अगले चरण में 3 अक्टूबर 2026 को विद्यार्थियों को गांधी प्राणी उद्यान (चिड़ियाघर) का भ्रमण कराया जाएगा। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न वन्यप्राणियों के संबंध में विस्तृत एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की जाएगी, ताकि उनमें वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता विकसित हो सके।

## यातायात व्यवस्था सुचारू रखने निगम की मदाखलत टीम ने की कार्रवाई

**ग्वालियर, जीएनएस।** नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक चौधरी के निर्देशानुसार शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा मुख्य मार्गों को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए मदाखलत विभाग द्वारा 2 अक्टूबर को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान यातायात में बाधक हाथ ठेलों, फुटपाथों पर लगाए गए फड़ों एवं अन्य अस्थाई अतिक्रमण को हटवाकर मार्गों को आवागमन के लिए सुचारू कराया गया।

नगर निगम के नोडल अधिकारी (मदाखलत) श्री केशव सिंह चौहान के निर्देशन में मदाखलत अधिकारी श्री शैलेंद्र सिंह चौहान द्वारा विभिन्न हॉकर्स जोन का निरीक्षण भी किया गया तथा स्ट्रीट वेंडर्स को व्यवस्थित रूप से निर्धारित हॉकर्स जोन में शिफ्ट करने के लिए व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

पूर्व विधानसभा क्षेत्र में मुरार बारादरी चौराहा से सदर बाजार, अग्रसेन चौक, गणेश मंदिर, गर्ल्स कॉलेज तक मुख्य मार्ग से यातायात में बाधक अतिक्रमण हटवाकर आवागमन सुचारू कराया गया। इसके साथ ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों से बिना अनुमति लगाए गए पोस्टर बैनर एवं कटआउट हटाए गए।

मदाखलत विभाग की टीम द्वारा रामदास घाटी, पागलखाना तिराहा, शब्द प्रताप आश्रम रोड सहित आसपास के क्षेत्रों में यातायात में बाधक हाथ ठेलों एवं अन्य अस्थाई अतिक्रमण को हटवाया गया। संबंधित लोगों को दोबारा अतिक्रमण नहीं करने तथा सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी नहीं फैलाने की सख्त हिदायत दी गई। कार्रवाई के दौरान मदाखलत निरीक्षक श्री श्रीकान्त सेन सहित दल मौजूद रहा। इसी क्रम में हजीरा चौराहा, किलागेट रोड, चार शहर का नाका रोड एवं इंटक मैदान रोड सहित विभिन्न स्थानों पर भी कार्रवाई करते हुए यातायात में बाधक हाथ ठेलों को हटवाया गया तथा कई ठेलों को निर्धारित हॉकर्स जोन में शिफ्ट कराया गया। ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में पुरानी छावनी अटल गेट चौराहे से भी यातायात में बाधक ठेले हटवाए गए और संबंधित ठेला संचालकों को पुनः उसी स्थान पर ठेले नहीं लगाने की हिदायत दी गई।

भिण्ड-गोरमी के समाचार विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
महेश चौधरी
98267-36233



दैनिक श्रमसाधना
ग्वालियर शिवपुरी से प्रकाशित
www.shramsadhnanews.com



निष्पक्षता-विश्वसनीयता एवं जनहित का संवाहक
श्रमसाधना

## संपादकीय

### किसी खिलाड़ी को कम करके आंकने का कोई फायदा नहीं

शुक्रवार को लवलीना बोरगोहाई का जन्मदिन था, लेकिन उपहार तमाम देशवासियों को मिला। एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर देश को गौरवान्वित करने वाली लवलीना की आज हर ओर जय-जयकार हो रही है और वे इसकी हकदार भी हैं। लेकिन यह याद रखना जरूरी है कि कुछ समय पहले ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों के बाद इन्हीं लवलीना को बुरी तरह ट्रोल किया गया था।

दुर्भाग्यपूर्ण यह रहा कि खेल पत्रकारिता का एक वर्ग भी उस समय संतुलित नजरिया खो बैठा और देश की बेहतरीन मुक्केबाजों में शामिल लवलीना के प्रदर्शन को नकारात्मक नजरिए से देखने लगा। जबकि ग्लासगो में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की प्रतिष्ठित मुक्केबाज और दो बार विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता एमा सू ग्रीनट्री के खिलाफ बेहद करीबी मुकाबला खेला था। उस हार में ऐसा कुछ नहीं था, जिससे यह माना जाए कि लवलीना का समय समाप्त हो चुका है।

आलोचकों ने यह बात भी उठाई कि लवलीना राष्ट्रमंडल खेलों में केवल एक मुकाबला जीतकर रजत पदक तक पहुंचीं। उन्हें बाई मिली थी, लेकिन बाई मिलना किसी खिलाड़ी के हाथ में नहीं होता। लवलीना ने न तो इसके लिए कोई मांग की थी और न ही बिना मेहनत के पदक हासिल किया था। खेलों में परिस्थितियां और भाग्य भी अपनी भूमिका निभाते हैं। ऐसे में किसी खिलाड़ी को इसके लिए ट्रोल करना या उसका मजाक उड़ाना उचित नहीं था।

एशियाई खेलों में जब लवलीना ने विश्व चैंपियनशिप-2025 की स्वर्ण पदक विजेता मुक्केबाज को हराया, तब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने पिछली आलोचनाओं और ट्रोलिंग के बारे में कुछ पढ़ा था। उनका जवाब था–'कौन परवाह करता है?'

इसके बाद लवलीना ने एशियाई खेलों के फाइनल में पहुंचकर इतिहास रचा। भारत की महान मुक्केबाज मैरी कॉम भी एशियाई खेलों में दो बार फाइनल तक नहीं पहुंच सकी थीं, जबकि लवलीना ने यह उपलब्धि हासिल की। फिर फाइनल में स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने अपने प्रदर्शन से आलोचकों को जवाब दिया।

सेमीफाइनल में लवलीना की शुरुआत उम्मीद के मुताबिक नहीं रही। पहले राउंड में वे रक्षात्मक नजर आईं और 2-3 से पिछड़ गईं। राउंड के बीच मिले अंतराल में कोच सैंटियागो नीवा ने उन्हें आक्रामक होकर खेलने के संकेत दिए। दूसरे राउंड में लवलीना पूरी तरह बदली हुई नजर आईं। उन्होंने मुकाबले पर दबदबा बनाया और उनके हर पंच पर भारतीय दल के सदस्य उत्साह बढ़ाते नजर आए।

लवलीना की कहानी भारतीय खेल जगत के लिए एक महत्वपूर्ण सीख है। यदि किसी खिलाड़ी का समर्थन नहीं कर सकते तो कम से कम उसे अपने हाल पर छोड़ देना चाहिए। उसे हतोत्साहित करने, जज करने या उसकी उपलब्धि को कम करके आंकने से किसी का भला नहीं होता। किसी खिलाड़ी की सफलता के पीछे वर्षों की मेहनत, संघर्ष और असफलताओं से उबरने का साहस होता है।

लवलीना के स्वर्ण पदक ने यह साबित कर दिया कि किसी खिलाड़ी का मूल्यांकन एक मुकाबले या एक असफलता के आधार पर नहीं किया जा सकता। आज उनका स्वर्ण उन सभी धारणाओं का जवाब है, जिनमें उन्हें समय से पहले कमतर आंक दिया गया था।

प्रान्तीय कार्यालय : 76 शबरी कॉम्पलेक्स, एम.पी. नगर जोन-2 भोपाल, फोन : 0755-2579530
प्रान्तीय ब्यूरो प्रमुख : एल.एन. तवर, 9827781209
प्रान्तीय ब्यूरो : डॉ. जानकी अहिरवार 9406580345
Email:shramsadhnagwl@gmail.com

### लाखों फॉलोअर्स के बीच भी क्यों बढ़ रहा है अकेलेपन का एहसास

# स्टारडम ऑनलाइन, अकेलापन ऑफलाइन

**डॉ. विजय गर्ग**

हम ऐसे दौर में जी रहे हैं, जहां 'स्टार' बनने के लिए टेलीविजन पर दिखाई देना, फिल्मों में काम करना, अखबारों की सुर्खियों में आना या हजारों लोगों के सामने मंच पर प्रस्तुति देना जरूरी नहीं रह गया है। एक स्मार्टफोन, इंटरनेट कनेक्शन और रचनात्मक विचार किसी सामान्य व्यक्ति को रातोंरात सोशल मीडिया की दुनिया में लोकप्रिय बना सकते हैं। एक छोटा-सा वीडियो लाखों बार देखा जा सकता है, एक तस्वीर पर हजारों पसंद आ सकती हैं और कोई युवा रचनाकार देखते ही देखते लाखों अनुयायी बना सकता है।

लोकप्रियता का यह नया रूप आकर्षक है। डिजिटल मंचों ने पहचान, आय और रचनात्मकता के लिए अभूतपूर्व अवसर उपलब्ध कराए हैं। कोई विद्यार्थी ऑनलाइन पढ़ा सकता है, किसान खेती की जानकारी साझा कर सकता है, गृहिणी सफल भोजन सामग्री निर्माता बन सकती है और कोई युवा कलाकार घर बैठे अंतरराष्ट्रीय दर्शकों तक पहुंच सकता है। लेकिन इस चमक के पीछे एक ऐसी अदृश्य परेशानी भी हो सकती है, जिसे दर्शक अक्सर नहीं देख पाते–अकेलापन।

यही आधुनिक डिजिटल जीवन का सबसे बड़ा विरोधाभास है। कोई व्यक्ति ऑनलाइन हजारों या लाखों अनुयायियों से घिरा दिखाई दे सकता है, लेकिन वास्तविक जीवन में भीतर से बिल्कुल अकेला महसूस कर सकता है।

स्टारडम का नया अर्थ

पारंपरिक स्टारडम काफी हद तक सिनेमा, टेलीविजन, प्रकाशन संस्थानों और समाचार पत्रों जैसी संस्थाओं के नियंत्रण में था। सोशल मीडिया ने इस व्यवस्था को बदल दिया। अब कोई भी व्यक्ति सामग्री तैयार कर अपना दर्शक वर्ग बना सकता है। इसने सामान्य लोगों को प्रभावशाली व्यक्ति, रचनाकार, टिप्पणीकार, शिक्षक, मनोरंजनकर्ता और उद्यमी बनने का अवसर दिया है।

ध्यान आकर्षित करने का यह लोकतंत्रीकरण सकारात्मक संभावनाओं से भरा है। लेकिन ध्यान आकर्षित करना और स्नेह पाना एक ही बात नहीं है। अनुयायी जरूरी नहीं कि मित्र हों। पसंद जरूरी नहीं कि प्रेम हो। दृश्यता जरूरी नहीं कि अपनापन दे। यह अंतर समझना बेहद जरूरी है।

**पसंद का मनोविज्ञान :** सोशल मीडिया मंच प्रतिक्रिया पर आधारित हैं। व्यक्ति कुछ पोस्ट करता है और फिर प्रतिक्रियाओं की प्रतीक्षा करता है। स्क्रीन पर पसंद, टिप्पणियां, साझा किए जाने और देखे जाने की संख्या दिखाई देती है। आंकड़े बढ़ते हैं तो उत्साह और सामाजिक स्वीकृति का अनुभव हो सकता है। आंकड़े कम होते हैं तो निराशा भी पैदा हो सकती है।

धीरे-धीरे व्यक्ति का आत्म-मूल्य डिजिटल प्रदर्शन से जुड़ सकता है। जो तस्वीर कभी केवल तस्वीर थी, वह लोकप्रियता की परीक्षा बन जाती है। जो वीडियो आनंद के लिए बनाया गया था, वह अधिक से अधिक प्रतिक्रिया पाने का माध्यम बन जाता है। व्यक्ति सोचने लगता है–कितने लोगों ने इसे देखा? पिछली पोस्ट को अधिक पसंद क्यों मिली? दूसरे का वीडियो लोकप्रिय कैसे हो गया और मेरा क्यों नहीं?

समस्या प्रतिक्रिया पाने की इच्छा में नहीं है। समस्या तब शुरू होती है, जब डिजिटल प्रतिक्रिया व्यक्ति के आत्म-मूल्य का मुख्य पैमाना बन जाए।

**जब ऑनलाइन छवि बोझ बन जाती है :** सोशल मीडिया लोगों को अपने जीवन का चुना हुआ हिस्सा दिखाने के लिए प्रेरित करता है। उपलब्धियां सामने आती हैं, असफलताएं नहीं। खुशियां दिखाई जाती हैं, निराशाएं नहीं। आकर्षक तस्वीरें दिखाई जाती हैं, सामान्य और संघर्षपूर्ण दिनचर्या नहीं।

इसका परिणाम यह हो सकता है कि ऑनलाइन व्यक्तित्व धीरे-धीरे वास्तविक व्यक्ति से अलग दिखाई देने लगे। कोई व्यक्ति ऑनलाइन बेहद आत्मविश्वासी दिखाई दे सकता है, जबकि भीतर से असुरक्षा से जूझ रहा हो। कोई लगातार दूसरों का मनोरंजन कर सकता है, जबकि स्वयं भावनात्मक रूप से थका हुआ हो। कोई दोस्तों से घिरा हुआ फोटो पोस्ट कर सकता है, जबकि वास्तविक जीवन में अकेलापन महसूस कर रहा हो।

एक आदर्श ऑनलाइन छवि बनाए रखना भावनात्मक रूप से थका देने वाला हो सकता है। हर पोस्ट आकर्षक होनी चाहिए, हर वीडियो सफल होना चाहिए और हर सार्वजनिक उपस्थिति प्रभावशाली होनी चाहिए–ऐसा दबाव व्यक्ति को लगातार घेरे रह सकता है। प्रासंगिकता खोने का डर भी तनाव पैदा करता है। ऐसे में स्टारडम स्वतंत्रता का स्रोत कम और ऐसी जिम्मेदारी अधिक बन सकता है, जिसका कोई स्पष्ट 'बंद' बटन नहीं है।

**अकेलेपन का विरोधाभास :** मनुष्य को केवल संवाद नहीं, बल्कि अर्थपूर्ण संबंधों की आवश्यकता होती है। कोई व्यक्ति एक दिन में सैकड़ों संदेशों का आदान-प्रदान कर सकता है, फिर भी उसके पास ऐसा कोई व्यक्ति न हो, जिसके साथ वह अपने डर, असफलताओं और असुरक्षाओं के बारे में खुलकर बात कर सके।

डिजिटल संवाद महाद्वीपों के बीच लोगों को जोड़ सकता है, लेकिन शारीरिक और भावनात्मक निकटता का अपना महत्व है। एक पसंद देने में एक क्षण लगता है, लेकिन सच्ची दोस्ती के लिए समय, धैर्य, विश्वास और आपसी समझ की आवश्यकता होती है।

इसलिए बड़ी संख्या में अनुयायियों को सामाजिक या भावनात्मक संतुष्टि का प्रमाण नहीं माना जा सकता। अनुयायियों की संख्या दर्शकों को मापती है, रिश्तों की गहराई को नहीं।

# दृष्टि से परे उड़ान : नेत्रहीन पायलटों के लिए नई तकनीकी राह

**डॉ. विजय गर्ग**

सदियों से उड़ान को दृष्टि के साथ जोड़कर देखा जाता रहा है। पायलट अपने आसपास के वातावरण को समझने, विमान के उपकरणों की निगरानी करने और बदलती परिस्थितियों के अनुरूप निर्णय लेने के लिए दृश्य जानकारी पर निर्भर करते हैं। लेकिन तकनीक में तेजी से हो रही प्रगति इस धारणा को चुनौती दे रही है कि सुरक्षित विमानन के लिए दृष्टि ही एकमात्र माध्यम होना आवश्यक है।

नेत्रहीन या दृष्टिबाधित पायलटों की सहायता करने का विचार केवल विमानन को अधिक समावेशी बनाने तक सीमित नहीं है। इसके साथ एक महत्वपूर्ण तकनीकी प्रश्न भी जुड़ा है–क्या मशीनें दृश्य जानकारी को ऐसे दूसरे रूपों में बदल सकती हैं, जिन्हें कोई व्यक्ति समझकर उसके अनुसार कार्रवाई कर सके?

आधुनिक विमानन पहले से ही अत्याधुनिक प्रणालियों पर निर्भर है। विमान में लगे सेंसर लगातार ऊंचाई, गति, दिशा, स्थिति, मौसम और यांत्रिक प्रणालियों की निगरानी करते हैं। नेविगेशन प्रणालियां अत्यधिक सटीकता से विमान की स्थिति निर्धारित कर सकती हैं, जबकि स्वचालित प्रणालियां उड़ान के अनेक पहलुओं में पायलट की सहायता करती हैं।

अब अगली चुनौती यह है कि इस विशाल मात्रा में उपलब्ध जानकारी को वैकल्पिक संवेदी माध्यमों के जरिए किस तरह सुलभ बनाया जाए।

दृश्य जानकारी को ध्वनि और स्पर्श में बदलना

शोधकर्ता और इंजीनियर ऐसी तकनीकों की संभावनाओं पर काम कर रहे हैं, जो दृश्य या स्थान संबंधी जानकारी को श्रव्य अथवा स्पर्श संबंधी संकेतों में बदल सकें। पारंपरिक स्क्रीन पर जानकारी प्रदर्शित करने के बजाय कोई प्रणाली विशेष ध्वनियों, कंपन या अन्य संवेदी संकेतों के माध्यम से महत्वपूर्ण बदलावों की जानकारी दे सकती है।

गंभीर दृष्टिबाधिता वाले व्यक्ति के लिए ऐसी तकनीक विमान के आसपास के वातावरण को समझने का वैकल्पिक माध्यम उपलब्ध करा सकती है।

कल्पना कीजिए कि कॉकपिट में दिशा में होने वाले बदलाव अलग-अलग स्पर्श संकेतों के माध्यम से बताए जाएं, जबकि ऊंचाई, नेविगेशन या आसपास मौजूद संभावित बाधाओं की चेतावनी अलग-अलग ध्वनियों से दी जाए। ऐसी प्रणालियां केवल दृष्टि का स्थान लेने की कोशिश नहीं करेंगी, बल्कि मानव और मशीन के बीच संचार का एक अतिरिक्त माध्यम तैयार करेंगी।

हालांकि विमानन अत्यंत चुनौतीपूर्ण क्षेत्र है। उड़ान में इस्तेमाल होने वाली किसी भी नई तकनीक का अत्यधिक विश्वसनीय होना, व्यापक परीक्षण से गुजरना और कई स्तरों वाली वैकल्पिक सुरक्षा व्यवस्था से लैस होना आवश्यक होगा।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता की संभावित भूमिका

कृत्रिम बुद्धिमत्ता भविष्य की सहायक विमानन प्रणालियों का महत्वपूर्ण हिस्सा बन सकती है। यह बहुत कम समय में बड़ी मात्रा में सेंसर संबंधी जानकारी का विश्लेषण कर सकती है और ऐसे पैटर्न पहचान सकती है, जिन्हें मनुष्य के लिए एक साथ समझना कठिन हो सकता है।

भविष्य की कोई प्रणाली कैमरों, रडार, नेविगेशन उपकरणों और विमान के अन्य सेंसरों से प्राप्त सूचनाओं को एकत्र कर उन्हें ऐसे संकेतों में बदल सकती है, जिन्हें पायलट सुनने या स्पर्श के माध्यम से समझ सके।

लेकिन कृत्रिम बुद्धिमत्ता को मानव निर्णय का कोई जादुई विकल्प नहीं माना जा सकता। विमानन सुरक्षा के लिए विश्वसनीय प्रदर्शन, कठोर परीक्षण, मानवीय निगरानी और मजबूत वैकल्पिक प्रणालियां आवश्यक रहेंगी।

सुरक्षा सबसे पहले

विमानन को अधिक समावेशी बनाने का प्रयास सुरक्षा से समझौता करके नहीं किया जा सकता।

वाणिज्यिक विमानन में अत्यंत कड़े सुरक्षा मानक लागू होते हैं, क्योंकि छोटी-सी गलती भी गंभीर परिणाम पैदा कर सकती है। इसलिए नेत्रहीन या दृष्टिबाधित पायलट की सहायता करने वाली किसी भी प्रणाली के लिए व्यापक शोध, सिमुलेशन, प्रमाणन, प्रशिक्षण और वास्तविक परिस्थितियों में परीक्षण आवश्यक होगा।

यह भी निर्धारित करना होगा कि सहायक तकनीक किन उड़ान कार्यों में वास्तव में मदद कर सकती है और किन परिस्थितियों में उसका उपयोग सुरक्षित होगा। उड़ान के हर पहलू को केवल दृष्टि से ध्वनि या स्पर्श में बदलना संभव हो, यह जरूरी नहीं है। इसलिए लक्ष्य प्रमाण-आधारित समावेशन होना चाहिए–ऐसा समावेशन नहीं, जिसमें आवश्यक सुरक्षा उपायों की अनदेखी की जाए।

# सेवा संकल्प अभियानः कलेक्टर, नगर निगम कमिश्नर एवं जनप्रतिनिधियों ने सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

**ग्वालियर, जीएनएस।** सेवा-संकल्प अभियान के तहत गाँधी जयंती के अवसर पर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक चौधरी, अपर आयुक्त श्री टी प्रतीक राव एवं जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों और नागरिकों ने विशेष स्वच्छता अभियान में वार्ड-3 विनय नगर के गौरीशंकर स्कूल के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया। कलेक्टर के साथ ही नगर निगम आयुक्त, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने सफाई कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

स्वच्छता अभियान में पार्षदगण श्रीमती आशा सुरेन्द्र चौहान, श्री सोनू राजपूत, श्रीमती सुनीता अरुण कुशवाह, ब्रम्हकुमारी संस्था की दीदियों, स्कूल के शिक्षकों और नागरिकों ने बढ़चढ़कर भागीदारी की।

वार्ड क्रमांक 3 स्थित विनय नगर स्थित गौरीशंकर स्कूल क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसमें कलेक्टर श्रीमती रूचिका चौहान, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक चौधरी, अपर आयुक्त श्री टी प्रतीक राव सहित पार्षदों ने हाथों में झाड़ू थाम कर सफाई की। इसके साथ ही विनय नगर में पार्क में वालेंटियरों एवं आमजनों के साथ सामाजिक संस्थाओं ने सफाई अभियान चलाया। इस अभियान से पूरे क्षेत्र को स्वच्छ किया गया।

**प्लग रन कर चलाया अभियानः** पूरे क्षेत्र को साफ करने के लिए प्लग रन बनाकर अभियान चलाया गया, इसमें वालेंटियरों, सफाई मित्रों, समाजसेवी संगठनों के सदस्यों ने हाथों में कैरी बैग लिए, इसके बाद सड़क से पड़ा एक-एक कचरे को हाथ से उठाकर कैरी बैग में डाला।

**सफाई वाहनों से तत्काल कचरे को भेजा केदारपुर**

प्लग रन के दौरान ढेर सारी मात्रा में एकत्रित किए गए कचरे को निस्तारण के लिए वाहनों की मदद से तत्काल केदारपुर लैण्डफिल साइड पर भेजा गया। प्लग रन के दौरान इस बात का ध्यान रखा गया कि विशेष देखभाल कचरा, सेनेट्री वेस्ट, गीला एवं सूखे कचरे को अलग-अलग बैग में एकत्रित किया जाए, जिससे केदारपुर में कचरा को अलग-अलग करने में परेशानी ना हो।

गौरीशंकर स्कूल के सामने से लेकर पूरे सड़क मार्ग पर खाली स्थानों पर पौधरोपण के लिए क्यारियां बनाई गई थीं, इन क्यारियों में कलेक्टर, गौरीशंकर स्कूल के शिक्षकों एवं नगर निगम के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने पौधरोपण किया, इसके बाद इन क्यारियों को सजाने के लिए सुंदर-सुंदर पेंटिंग उकेरी गई।

**गांधी जयंती के अवसर पर जिले भर में चलाया गया स्वच्छता अभियान**

2 अक्टूबर गाँधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में प्रशासन के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संस्थाओं और गणमान्य नागरिकों ने स्वच्छता अभियान चलाया। शहरी क्षेत्र में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने वार्ड-3 में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के साथ स्वच्छता अभियान में भागीदारी की। इसके साथ ही शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में भी अनेक स्थानों पर जनभागीदारी से स्वच्छता अभियान चलाया गया। मोहना, आंतरी, बिलौआ सहित कई ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने स्वच्छता अभियान में भागीदारी कर स्वच्छता का संदेश दिया।

## चंद्रवाड़ में उमड़ा आस्था का सैलाब, निकली भव्य रथ यात्रा

**फिरोजाबाद, जीएनएस।** यमुना की तलहटी में स्थित ऐतिहासिक तीर्थ स्थल चंद्रवाड़ में शुक्रवार को दिगंबर जैन समाज का प्राचीन वार्षिक मेला महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। मुनि श्री निर्भय सागर जी, मुनि श्री अमित सागर जी, मुनि श्री एकत्व सागर जी महाराज और आर्यिका गुरु मां विजयमती माता के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।



महोत्सव की शुरुआत सेठ छदामीलाल जिनालय से दिगंबर जैन पाठशाला के बच्चों की प्रभात फेरी से हुई। इसके बाद श्रीजी की भव्य रथ यात्रा निकाली गई। पंचरंगी जैन ध्वज, सजे हुए घोड़े, इटावा का प्रसिद्ध घोड़ा बैंड, ढोल-नगाड़े और धार्मिक जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। घोड़े और हाथी के कलात्मक नृत्य ने भी लोगों का ध्यान खींचा।

रथ यात्रा में भगवान महावीर के पालना, आचार्य श्री विद्यासागर गुरुदेव की स्मृति और नमोकार मंत्र की महिमा पर आधारित तीन झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। स्वर्ण रथ पर विराजमान श्रीजी के दर्शन के लिए जगह-जगह श्रद्धालुओं की भीड़ रही। यात्रा बब्बू जी की जीन, सेंट्रल चौराहा, सदर बाजार, घंटाघर और रामनगर होते हुए चंद्रवाड़ पहुंची। रास्ते में विभिन्न जैन संस्थाओं और नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और आरती उतारी। चंद्रवाड़ पहुंचने पर पांडुक शिला पर श्रीजी की प्रतिमा का मुनि संघ के सानिध्य में विधि-विधान से महामस्तकाभिषेक किया गया। जल, दूध, चंदन और अष्टद्रव्यों से अभिषेक हुआ। इसके बाद बच्चों और युवाओं ने धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। शाम को संगीतमय सामूहिक महाआरती के साथ महोत्सव का समापन हुआ।

## गांधी पार्क से शास्त्री मार्केट तक पहुंचे भाजपाई, महापुरुषों को किया नमन

**गांधी और शास्त्री की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प**



**फिरोजाबाद, जीएनएस।** गांधी-शास्त्री जयंती पर भाजपा महानगर की ओर से गुरुवार को महापुरुषों का स्मरण किया गया। महानगर अध्यक्ष डॉ. सतीश दिवाकर के नेतृत्व में पदाधिकारी और कार्यकर्ता सुबह गांधी पार्क पहुंचे। यहां महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद शास्त्री मार्केट पहुंचकर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

महानगर अध्यक्ष ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलकर देश को नई दिशा दी। वहीं लाल बहादुर शास्त्री का सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से भरा जीवन सभी के लिए प्रेरणादायक है। उनका 'जय जवान, जय किसान' का नारा आज भी देश की सुरक्षा और किसानों के महत्व को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के विचारों को अपने जीवन में उतारना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यकर्ताओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर सेवा, स्वच्छता और सामाजिक समरसता के कार्यों को आगे बढ़ाना चाहिए। कार्यक्रम में सदर विधायक मनीष असीजा, महामंत्री आनंद अग्रवाल, प्रमोद पाल बघेल, महानगर मीडिया प्रभारी आकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष दीपक गुप्ता कालू, उपाध्यक्ष रमेश कटारा, विवेक अग्रवाल, गौतम कुशवाहा, प्राचीर गुप्ता, राम लड्डी लकी, अनुपम शर्मा, अशोक राठौड़, अमन मिश्रा, प्रमोद राजोरिया समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## छात्राओं द्वारा रामधुन की मोहक प्रस्तुति से गूंजा सभागार

फिरोजाबाद दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं स्वतंत्र भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जन्म जयंती के अवसर पर आज 2 अक्टूबर को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर रेनू वर्मा ने महान विभूतियों के जीवन-दर्शन, गांधीवादी विचार धारा और राष्ट्र निर्माण में उनके महती योगदान पर विस्तृत प्रकाश डाल,साथ ही छात्राओं ने महात्मा गांधी जी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और नैतिक मूल्यों पर अपने विचार व्यक्त किए। शास्त्री जी की ईमानदारी, कर्तव्य निष्ठा और देश भक्ति की पराकाष्ठा से संबंधित जीवन मूल्यों पर चर्चा की गई। संगीत विभाग की छात्राओं द्वारा गांधी जी का प्रिय भजन-- ÷वैष्णव जन तो तेने कहिए...÷ तथा रामधुन--- ÷रघुपति राघव राजा राम....÷की मोहक प्रस्तुति से सभागार गूंज उठा।

## महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर किया याद

**जालौन, जीएनएस।** दो महापुरुषों की जयंती पर सरकारी कार्यालय तथा संस्थाओं एवं प्रतिष्ठानों तथा विद्यालयों आदि जगह पर झण्डा रोहण कर उनकी प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर उनके मार्ग में चलने का संकल्प लिया।

तहसील कालपी सभागार में आयोजित जयंती पर उप जिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य ने तहसीलदार श्रीश कुमार मिश्रा नायब तहसीलदारो मैं चंद्र मोहन शुक्ला मुकेश कुमार प्रिंस बाबू सलीम खान नीरज प्रशासनिक अधिकारी भोला पुरवार अधिवक्ता आदि लोगों की मौजूदगी में झण्डा रोहण कर उनकी प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर नमन किया तथा अपने-अपने विचार प्रकट कर उनको याद किया।

कोतवाली कालपी में सीओ राजेश कमल ने प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी वरिष्ठ उप निरीक्षक उदय प्रताप सिंह चौकी प्रभारी सुरेश चंद्र चौकी प्रभारी विशाल भड़ाना उप निरीक्षक दयाशंकर सिंह उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह भदोरिया दीवान लक्ष्मीकांत त्रिपाठी शैलेंद्र सिंह विनीता सरिता वीरेंद्र अंकित वर्मा दीपेंद्र मिश्रा आदि पुलिस स्टाफ की मौजूदगी में झण्डा रोहण कर उनकी प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर नमन किया तथा राष्ट्रीय गान प्रस्तुत कर उनके जीवन पर प्रकाश डालकर याद किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में अधीक्षक डॉक्टर दिनेश बर्दिया ने डॉक्टर विशाल सचान डॉ आदर्श गौतम चीफ फार्मासिस्ट वीरेंद्र कुमार फार्मासिस्ट अशोक कुमार सहयोगी गया प्रसाद आदि स्टाफ की मौजूदगी में झण्डा रोहण कर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन कर जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई।

इसी क्रम में ग्रीन वैली इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य महमूद खान ने स्टाफ तथा छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में झण्डा रोहण कर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया। इसी क्रम में श्याम पैलेस गेस्ट हाउस में प्रेस क्लब कालपी अध्यक्ष मनोज चतुर्वेदी ने संगठन के सदस्यों के साथ झण्डा रोहण कर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके जीवन पर प्रकाश डालकर उनको याद किया।


## कार्यालय कलेक्टर, (खनिज शाखा) जिला शिवपुरी (म.प्र.)

E-mail modgmshi@mp.gov.in

पत्र क्रमांक 1989/3-6/खनि/क्यू.एल. 577/2026 शिवपुरी, दिनांक 29.09.2026

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18( 1-क ) ( 2 ) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति ( जो भी लागू हो ) प्राप्त करने के लिए,

### द्वितीय सूचना

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक रामचरन इन्फ्रा बिल्ड प्रा.लि. 32 हर्ष नगर दर्पण कॉलोनी के पास थाटीपुर ग्वालियर म.प्र. द्वारा जिला शिवपुरी की तहसील नरवर के ग्राम रमगढा की शासकीय भूमि सर्वे नम्बर 918 रकवा 11.930 हैक्टेयर क्षेत्र पर गिट्टी/ बोल्डर,एम सैण्ड खनिज का उत्खनिपट्टा हेतु आवेदन पत्र दिनांक 15.08.2026 प्रस्तुत किया गया। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना दिनांक 24.08.2026 प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र पर पुनः दिनांक 13/10/2026 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किए जाऐंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम/कस्बा | सर्वे क्रमांक | कुल रकबा है. में | आवेदित रकवा है. में | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शिवपुरी | नरवर | रमगढा | 918 | 11.930 | 11.930 | शासकीय | गिट्टी/ बोल्डर, एम सैण्ड | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के सम्बम्ध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक ( कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक ) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन प्राप्त होते हैं तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

खनि अधिकारी
जिला शिवपुरी (म.प्र.)

G-19440/26

### विदेशी निवेशकों की भारी बिकवाली, डॉलर की मजबूती और वैश्विक परिस्थितियां बाजार पर बना रहीं दबाव

# आर्थिक विकास की रफ्तार तेज, फिर क्यों गिर रहा है भारतीय शेयर बाजार?

**प्रहलाद सबनानी**

भारत में आर्थिक विकास की गति तेज रहने के बावजूद पिछले कुछ समय से भारतीय शेयर बाजार में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। बाजार में आई इस कमजोरी को आधार बनाकर देश की अर्थव्यवस्था को लेकर निराशाजनक माहौल बनाने का प्रयास भी दिखाई देता है। ऐसा कहा जा रहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था किसी बड़े संकट की ओर बढ़ रही है और इसका सीधा असर आम भारतीय नागरिकों पर पड़ेगा। हालांकि, शेयर बाजार में आई गिरावट और देश की वास्तविक आर्थिक स्थिति को एक ही नजरिए से देखना उचित नहीं होगा।

भारतीय शेयर बाजार में गिरावट का एक प्रमुख कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों की बदलती निवेश रणनीति है। इसके विपरीत भारतीय संस्थागत निवेशक लगातार घरेलू बाजार में निवेश बढ़ा रहे हैं। म्यूचुअल फंड के माध्यम से भी हर महीने 30 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश शेयर बाजार में हो रहा है। इसका अर्थ है कि बाजार में घरेलू निवेशकों का भरोसा पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है।

आंकड़ों पर नजर डालें तो सेंसेक्स 1 अक्टूबर 2025 के 80,983 अंक के स्तर से घटकर 1 अक्टूबर 2026 को 71,910 अंक पर आ गया। इसी प्रकार निफ्टी भी 24,836 से गिरकर 22,422 अंक पर पहुंच गया। यानी एक वर्ष में दोनों प्रमुख सूचकांकों में लगभग 10 से 11 प्रतिशत की गिरावट आई है। सवाल यह है कि जब देश की अर्थव्यवस्था में विकास की गति मजबूत बनी हुई है तो शेयर बाजार में लगातार कमजोरी क्यों दिखाई दे रही है?

**शेयर बाजार भविष्य को देखकर चलता है :** किसी भी देश का शेयर बाजार मुख्य रूप से वहां सूचीबद्ध कंपनियों की भविष्य की अनुमानित आय और लाभप्रदता को ध्यान में रखकर ऊपर-नीचे होता है। बाजार वर्तमान आर्थिक स्थिति के साथ आने वाले समय की संभावनाओं को भी कीमतों में शामिल करता है। इसलिए किसी देश की अर्थव्यवस्था वर्तमान में अच्छी स्थिति में हो, लेकिन यदि निवेशकों को भविष्य में कंपनियों की आय को लेकर आशंका हो तो शेयर बाजार में गिरावट आ सकती है।

आज दुनिया की अर्थव्यवस्थाएं एक-दूसरे से इतनी जुड़ चुकी हैं कि एक देश में होने वाली घटना का असर दूसरे देशों के बाजारों पर भी पड़ता है। रूस-यूक्रेन युद्ध, इजराइल-हमास संघर्ष, अमेरिका-ईरान तनाव, पश्चिम एशिया की अस्थिरता और अन्य अंतराष्ट्रीय घटनाक्रमों का असर वैश्विक बाजारों पर पड़ा है। भारत प्रत्यक्ष रूप से इन संघर्षों का हिस्सा नहीं है, लेकिन वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़े होने के कारण इनका अप्रत्यक्ष प्रभाव भारतीय बाजार पर पड़ता है।

**कच्चा तेल और विदेशी निवेश :** वैश्विक संघर्षों के कारण कच्चे तेल की कीमतों में भी तेजी आई है। अंतराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 100 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गई है, जबकि एक वर्ष पहले यह लगभग 65 डॉलर प्रति बैरल थी। यानी कीमत में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।

भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरत का 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा आयात करता है। इसलिए तेल की कीमत बढ़ने पर देश का आयात बिल बढ़ता है और रुपये पर दबाव आता है। हालांकि, अब तक महंगे कच्चे तेल के बावजूद भारत में महंगाई को नियंत्रित रखने के प्रयास काफी हद तक सफल रहे हैं।

विदेशी निवेशकों के नजरिए से देखें तो वर्ष 2026 में अब तक वे भारतीय शेयर बाजार से लगभग 2.8 लाख करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। सितंबर 2024 तक के 24 महीनों में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में 38,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश किया था, जबकि सितंबर 2026 तक के 24 महीनों में 56,300 करोड़ अमेरिकी डॉलर की निकासी हुई है।

विदेशी निवेशक भारत से निकाली गई पूंजी को अमेरिका, चीन, वियतनाम और दक्षिण कोरिया जैसे बाजारों में लगा रहे हैं। अमेरिका में ब्याज दरों और बांड प्रतिफल के कारण वहां के बांड विदेशी निवेशकों को आकर्षित कर रहे हैं। अमेरिकी शेयर बाजार में तकनीकी कंपनियों की मजबूत आय और नई तकनीकों से बढ़ती उत्पादकता भी निवेश का कारण बन रही है।

वियतनाम और दक्षिण कोरिया में कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़ी कंपनियों में भविष्य की बेहतर लाभप्रदता की संभावनाएं देखी जा रही हैं। चीन के मामले में वहां की कंपनियों के शेयरों का कीमत-आय अनुपात भारतीय कंपनियों की तुलना में कम है। चीन में यह अनुपात औसतन 12 से नीचे बताया जा रहा है, जबकि भारत में यह 20 से अधिक है। ऐसे में विदेशी निवेशकों को भारतीय शेयर अपेक्षाकृत महंगे दिखाई दे रहे हैं।

**रुपये की कमजोरी भी एक कारण :** अमेरिकी डॉलर की मजबूती भी भारतीय बाजार पर दबाव डाल रही है। भारतीय रुपया लगभग 96 रुपये प्रति डॉलर के स्तर तक कमजोर हुआ है। डॉलर सूचकांक भी 1 अक्टूबर 2025 के 97.71 से बढ़कर 1 अक्टूबर 2026 को 101.80 पर पहुंच गया।

सोने की कीमतों में भी तेजी आई है। सोना 3,871 डॉलर प्रति औंस से बढ़कर 4,170 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गया है। भारत सोने का बड़ा आयातक है और इसके लिए भुगतान डॉलर में किया जाता है। ऐसे में डॉलर की मजबूती और सोने की बढ़ती कीमतें रुपये पर अतिरिक्त दबाव पैदा करती हैं।

**अर्थव्यवस्था की तस्वीर अलग :** अब यदि शेयर बाजार की गिरावट से अलग भारत की वास्तविक अर्थव्यवस्था के आंकड़ों को देखें तो तस्वीर काफी अलग दिखाई देती है। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। वैश्विक आर्थिक वृद्धि की दर लगभग 3 प्रतिशत और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं की अनुमानित वृद्धि करीब 3.8 प्रतिशत के आसपास है। इस तुलना में भारत की विकास दर काफी मजबूत दिखाई देती है।

अगस्त 2026 में भारत की औद्योगिक विकास दर 8 प्रतिशत तक पहुंच गई, जबकि अगस्त 2025 में यह 4.7 प्रतिशत थी। निर्यात में भी वृद्धि हुई है। अगस्त 2026 में विभिन्न उत्पादों का निर्यात 4,380 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक रहा, जबकि अगस्त 2025 में यह लगभग 3,480 करोड़ अमेरिकी डॉलर था।

बैंकिंग क्षेत्र के आंकड़े भी अर्थव्यवस्था में मजबूती का संकेत देते हैं। 15 सितंबर 2026 को समाप्त पखवाड़े में बैंकों के ऋण में 18.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह वृद्धि 10.4 प्रतिशत थी। बैंकों की जमा वृद्धि भी 9.5 प्रतिशत से बढ़कर 17.3 प्रतिशत हो गई। ऋण-जमा अनुपात लगभग 81 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गया है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि बैंकिंग क्षेत्र की परिसंपत्तियों की गुणवत्ता में भी सुधार हुआ है। बैंकों की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां जुलाई 2025 के 2.2 प्रतिशत से घटकर जुलाई 2026 में 1.68 प्रतिशत रह गईं। शुद्ध गैर-निष्पादित आस्तियां भी 0.5 प्रतिशत से घटकर 0.4 प्रतिशत रह गईं। इसका अर्थ है कि बैंकों द्वारा दिए गए ऋणों की वसूली की स्थिति पहले की तुलना में बेहतर हुई है।

भारतीय बैंकों का पूंजी पर्याप्तता अनुपात भी मजबूत बना हुआ है। जुलाई 2025 में यह 17.5 प्रतिशत था, जो जुलाई 2026 में बढ़कर 17.8 प्रतिशत हो गया। यह बैंकिंग क्षेत्र की वित्तीय मजबूती को दर्शाता है।

**उत्पादन और कर संग्रह में भी तेजी :** उद्योगों द्वारा अपनी उत्पादन क्षमता का 75 प्रतिशत से अधिक उपयोग किया जा रहा है। सामान्यतः इस स्तर पर उद्योग अपनी क्षमता बढ़ाने के बारे में विचार करना शुरू करते हैं। इसका अर्थ है कि औद्योगिक क्षेत्र में मांग और उत्पादन दोनों के संकेत सकारात्मक बने हुए हैं।

वस्तु एवं सेवा कर संग्रह भी आर्थिक गतिविधियों की मजबूती का महत्वपूर्ण संकेतक है। सितंबर 2026 में इसमें 14.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ संग्रह 2.04 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। यह लगातार तीसरा महीना रहा, जब वस्तु एवं सेवा कर संग्रह 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा।

डिजिटल अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर भी भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। सितंबर 2026 में एकीकृत भुगतान अंतरापृष्ठ के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 80 करोड़ से अधिक लेन-देन हुए। अगस्त में यह संख्या करीब 79 करोड़ और सितंबर 2025 में 65 करोड़ से अधिक थी। यह देश में डिजिटल भुगतान के लगातार विस्तार का संकेत है।

**बाजार और अर्थव्यवस्था को अलग-अलग देखना होगा :** इन आंकड़ों को एक साथ रखकर देखें तो साफ होता है कि शेयर बाजार में गिरावट को भारतीय अर्थव्यवस्था में व्यापक संकट का सीधा प्रमाण नहीं माना जा सकता। शेयर बाजार पर विदेशी पूंजी का प्रवाह, वैश्विक युद्ध और तनाव, कच्चे तेल की कीमत, अमेरिकी ब्याज दरें, डॉलर की मजबूती और विभिन्न देशों के बाजारों का मूल्यांकन जैसे अनेक कारक प्रभाव डालते हैं। दूसरी ओर, भारत की आर्थिक वृद्धि, औद्योगिक उत्पादन, निर्यात, बैंक ऋण, कर संग्रह, डिजिटल भुगतान और बैंकिंग क्षेत्र की स्थिति अलग तस्वीर प्रस्तुत कर रही है। इसलिए बाजार में आई गिरावट को अर्थव्यवस्था की पूरी तस्वीर मान लेना सही नहीं होगा। भारतीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव निश्चित रूप से निवेशकों के लिए चिंता का विषय हो सकता है, लेकिन इसे देश की अर्थव्यवस्था के संकट का पर्याय मानना उचित नहीं है। बाजार विदेशी निवेशकों की रणनीति और वैश्विक परिस्थितियों से प्रभावित हो सकता है, जबकि अर्थव्यवस्था का वास्तविक आकलन उत्पादन, रोजगार, निवेश, बैंकिंग, उपभोग, निर्यात और राजस्व जैसे व्यापक संकेतकों के आधार पर ही किया जाना चाहिए। यही अंतर भारतीय शेयर बाजार की मौजूदा कमजोरी और भारतीय अर्थव्यवस्था की वास्तविक स्थिति को समझने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है।

### शौर्य, पराक्रम और अटूट जज्बे पर गर्व

# स्मित मच्छार : जब फर्ज ही जिंदगी बन जाए

**हेमेन्द्र क्षीरसागर, पत्रकार, लेखक व स्तंभकार**

कुछ लोग इतिहास पढ़ते हैं, लेकिन कैप्टन स्मित मच्छार जैसे शूरवीर इतिहास रचने के लिए पैदा होते हैं। भारतीय विमानन और देश का यह वह चमकता सितारा है, जिसकी सूझबूझ और अदम्य साहस के आगे मौत भी हार मान गई। कैप्टन स्मित का नाम सिर्फ एक कमर्शियल पायलट का नाम नहीं है, बल्कि यह प्रतीक है। अदम्य साहस, अनूठे पराक्रम और मां भारती के प्रति उस अटूट निष्ठा का। जो हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा कर देती है।

**अंबर में अदम्य साहस**

हाल ही में फ्लाईदुबई की फ्लाइट एफजेड1073 के दौरान जो आकाश में आपातकालीन स्थिति बनी, उसने पूरी दुनिया को सन्न कर दिया। 34,000 फीट की ऊंचाई पर उड़ रहे विमान में जब सह-पायलट के जानलेवा हमले से संकट गहराया। प्लेन तेजी से नीचे गिरने लगा, तब भी कैप्टन स्मित ने हिम्मत नहीं हारी। गंभीर रूप से घायल होने और शरीर से खून बहने के बावजूद उन्होंने खुद से पहले यात्रियों की सुरक्षा को चुना। जानलेवा हमले के बीच उन्होंने कॉकपिट का आपातकालीन दरवाजा खोला। जिससे यात्रियों और क्रू मेंबर्स को अंदर आने और स्थिति को नियंत्रित करने का मौका मिला। अपनी अंतिम सांस तक बहादुरी से लड़ते हुए उन्होंने 174 यात्रियों और क्रू की जान बचाकर एक अभूतपूर्व मिसाल कायम की।





**मानव कल्याण ही सबसे बड़ा धर्म :** यह केवल एक पायलट द्वारा विमान की लैंडिंग कराने की कहानी नहीं है, बल्कि यह मानवता और वैश्विक एकजुटता का एक बड़ा उदाहरण है। इस विमान में इज़राइली नागरिक भी शामिल थे। कैप्टन स्मित की इस जांबाजी ने सीमाओं, धर्म और नस्ल से ऊपर उठकर यह संदेश दिया कि एक सच्चे हीरो के लिए मानव कल्याण ही सबसे बड़ा धर्म है। इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कैप्टन स्मित के इस %असाधारण साहस% की मुक्तकंठ से तारीफ की और उन्हें एक सच्चा हीरो बताया।

**जोश, जुनून और जज्बा :** जब देश की अस्मिता या निर्दोषों की जान पर बात आती है, तो कैप्टन स्मित जैसे जांबाज ही आगे आकर ढाल बनते हैं। उनका %जोश, जुनून और जज्बा% ऐसा है जो हार शब्द को स्वीकार ही नहीं करता। युद्ध का मैदान हो या आसमान में 30 हजार फीट की ऊंचाई पर पैदा हुई जानलेवा स्थिति। उन्होंने साबित किया कि एक सच्चा नायक किसी भी परिस्थिति में अपने फर्ज से पीछे नहीं हटता। आज जब युवा प्रेरणा के स्रोतों की तलाश में भटकते हैं। कैप्टन स्मित मच्छार का यह साहस उनके लिए एक जलती हुई मशाल की तरह है। उनका यह पराक्रम सिर्फ आज का समाचार नहीं है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक धरोहर है। ऐसे वीर सपूतों के दम पर ही पूरी दुनिया में भारत का मस्तक हमेशा ऊंचा रहता है। देश और पूरी दुनिया को कैप्टन स्मित मच्छार के इस शौर्य, पराक्रम, निस्वार्थ सेवा और अटूट जज्बे पर गर्व है।

### मूंगफली दाना प्रसंस्करण संयंत्र लगाकर बने आत्मनिर्भर, प्रतिमाह करीब 50 हजार रुपए की आमदनी

# पीएमएफएमई योजना से संवरा रविन्द्र मित्तल का भविष्य

**शिवपुरी जीएनएस**

दृढ़ इच्छाशक्ति, मेहनत और सही मार्गदर्शन के साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का सहयोग मिले तो आत्मनिर्भर बनने की राह आसान हो सकती है। शिवपुरी के गुना बायपास औद्योगिक क्षेत्र निवासी रविन्द्र मित्तल की कहानी इसका उदाहरण है। सीमित संसाधनों और शुरुआती चुनौतियों के बावजूद उन्होंने अपना व्यवसाय शुरू करने का सपना देखा और आज सफल उद्यमी के रूप में पहचान बना चुके हैं।

रविन्द्र मित्तल को उद्यम स्थापित करने की प्रेरणा उद्यानिकी विभाग से मिली। विभाग के डीआरपी गिर्राज ओझा के माध्यम से उन्हें केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना की जानकारी मिली। योजना के तहत आवेदन करने पर उन्हें मूंगफली दाना प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने के लिए बैंक से 30 लाख रुपए का ऋण स्वीकृत हुआ। साथ ही शासन की ओर से 10 लाख रुपए का अनुदान भी मिला।



**आधुनिक संयंत्र से बढ़ी आमदनी :** वित्तीय सहायता और मार्गदर्शन मिलने के बाद मित्तल ने गुना बायपास औद्योगिक क्षेत्र में 'मित्तल एंड संस' के नाम से आधुनिक मूंगफली दाना प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किया। आधुनिक मशीनों और बेहतर प्रबंधन के कारण उत्पादन में वृद्धि हुई। प्रसंस्करण के बाद मूंगफली की गुणवत्ता में सुधार हुआ, जिससे बाजार में उत्पाद की मांग भी बढ़ी।

मित्तल के अनुसार वर्तमान में उन्हें व्यवसाय से प्रतिमाह करीब 50 हजार रुपए की शुद्ध आमदनी हो रही है। योजना के सहयोग से शुरू हुआ यह व्यवसाय अब उनके लिए आत्मनिर्भरता का माध्यम बन गया है।

**तीन से चार लोगों को रोजगार :** रविन्द्र मित्तल ने अपने व्यवसाय के माध्यम से स्वयं के लिए रोजगार का अवसर तो तैयार किया ही, साथ ही स्थानीय स्तर पर अन्य लोगों के लिए भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए हैं। मूंगफली प्रसंस्करण के मौसम में उनके संयंत्र में तीन से चार स्थानीय लोगों को नियमित काम मिलता है। इससे स्थानीय परिवारों की आय में भी सहयोग मिल रहा है।

**योजना के प्रति जताया आभार :** मित्तल ने कहा कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना ने उनके व्यवसाय के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बैंक ऋण और अनुदान के सहयोग के बिना इतना बड़ा संयंत्र स्थापित करना कठिन था। उन्होंने योजना के लिए शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उचित मार्गदर्शन और आर्थिक सहयोग से युवा अपने व्यवसाय की शुरुआत कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

### 39 वार्डों में अधिकारी-कर्मचारियों के दल गठित

# शिवपुरी की जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए बनेगी कार्ययोजना

**शिवपुरी जीएनएस**

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देश पर शिवपुरी शहर की जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जिला प्रशासन ने कार्ययोजना तैयार की है। यातायात, स्वच्छता, सड़क मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था सहित नागरिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए शहर के सभी 39 वार्डों में अधिकारी-कर्मचारियों के अलग-अलग दल गठित किए गए हैं।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने हाल ही में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक कर शिवपुरी शहर की मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए थे। इसके बाद कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने वार्डवार कार्ययोजना तैयार कर अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं।

गठित दलों के बीच समन्वय और कार्यों की निगरानी के लिए अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला को नोडल अधिकारी बनाया गया है। प्रत्येक वार्ड में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। अधिकारियों को अपने-अपने निर्धारित वार्डों का निरीक्षण कर नागरिकों को मिल रही सुविधाओं की स्थिति का जायजा लेने और सामने आने वाली समस्याओं का मौके पर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

दल वार्डों में यातायात व्यवस्था, स्वच्छता, सड़क मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का निरीक्षण करेंगे। समस्याओं को चिन्हित करने के साथ उनके निराकरण की प्रगति की भी नियमित निगरानी की जाएगी।

जिला प्रशासन ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं से संबंधित कार्यों को गंभीरता से लिया जाए तथा निर्धारित जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से निर्वहन किया जाए। वार्डवार गठित दलों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रतिदिन निगरानी की जाएगी।

जिला प्रशासन का उद्देश्य शहरवासियों को मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं में शीघ्र राहत उपलब्ध कराने के साथ शिवपुरी शहर की व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार सुनिश्चित करना है।

### सत्य, अहिंसा और शांति का संदेश दिया

# लायंस सेवा सप्ताह की शुरुआत, गांधी जयंती पर निकाली विश्व शांति रैली

**शिवपुरी जीएनएस**

गांधी जयंती के अवसर पर लायंस क्लब शिवपुरी सेंट्रल एवं लायंस क्लब सनराइजर्स के संयुक्त तत्वावधान में लायंस सेवा सप्ताह की शुरुआत विश्व शांति रैली के साथ हुई। रैली का शुभारंभ तात्याटोपे स्मारक से किया गया। रैली के माध्यम से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और शांति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के साथ समाज में आपसी सद्भाव, भाईचारे और शांतिपूर्ण वातावरण का संदेश दिया गया।



कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सेवाभाव और सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। विशेष रूप से महिला कर्मचारी काशी बाई का सम्मान किया गया। आयोजकों ने बताया कि हड़ताल के दौरान बारिश के बीच भी काशी बाई अपने कार्य से पीछे नहीं हटीं और लगातार अपनी सेवाएं देती रहीं। उनके समर्पण की सराहना करते हुए क्लब पदाधिकारियों ने सम्मानित किया।

लायंस क्लब की ओर से नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी यशवंत राठौर, एडीएम दिनेशचंद्र शुक्ला सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों का भी सम्मान किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि समाज की व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में सफाईकर्मियों और अन्य कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

# पांच खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन



**शिवपुरी जीएनएस**

70वीं राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के लिए छत्रपति साहूजी महाराज हॉकी क्लब के पांच खिलाड़ियों का चयन हुआ है। प्रतियोगिता का आयोजन 3 से 7 अक्टूबर तक सिवनी में किया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों में अश्विन शिवहरे, मानस राठौर, जागृति कोहल, अर्पिता बाथम और डिंपल बाथम शामिल हैं। खिलाड़ियों ने चयन प्रक्रिया के दौरान उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए टीम में अपनी जगह बनाई। चयनित खिलाड़ियों ने नियमित अभ्यास, अनुशासन और मेहनत के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन से खिलाड़ियों और उनके परिवारों में उत्साह है। क्लब से जुड़े पदाधिकारियों और खेलप्रेमियों ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी हैं।

खिलाड़ियों की इस सफलता में क्लब के कोच राहुल नरवरिया का विशेष योगदान बताया गया है। वे लंबे समय से क्षेत्र में हॉकी प्रतिभाओं को प्रशिक्षण देने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास के साथ खेल की तकनीक, अनुशासन और प्रतियोगिताओं के लिए आवश्यक तैयारियों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कोच राहुल नरवरिया के मार्गदर्शन में शिवपुरी अंचल के कई खिलाड़ी जिला, संभाग और राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। क्लब द्वारा खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के साथ उनकी खेल क्षमता को निखारने पर भी लगातार काम किया जा रहा है।

### माधव महाविद्यालय के 300 विद्यार्थियों ने निकाली रैली, हस्ताक्षर अभियान चलाकर लिया नशामुक्त जीवन का संकल्प

# नशे के खिलाफ एनएसएस स्वयंसेवकों ने बुलंद की आवाज

**ग्वालियर जीएनएस**

नशे के खिलाफ जनजागरूकता बढ़ाने और युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से माधव महाविद्यालय, ग्वालियर की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने स्वास्थ्य पदयात्रा एवं दौड़ का आयोजन किया। भारत सरकार के राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़, भोपाल के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम में करीब 300 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। 'मेरी सेहत, मेरा गर्व' थीम पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रैली निकालकर आमजन को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन अपनाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. अशुल श्रीवास्तव तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिव कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों और उपस्थित लोगों को 'नशामुक्त विकसित भारत' के निर्माण की शपथ दिलाई। डॉ. हरिशंकर कसाना, समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना जीवाजी विश्वविद्यालय, डॉ. मनोज अवस्थी, जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना ग्वालियर, एसडीआरएफ कमांडेंट धर्मेन्द्र वर्मा तथा वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय कुमार पाण्डेय ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर लोगों को नशे से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी नशामुक्ति का संदेश दिया गया। स्वास्थ्य पदयात्रा एवं दौड़ महादजी नगर से शुरू होकर केदारपुर तक पहुंची। रास्ते में स्वयंसेवकों ने नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया।

मुख्य अतिथि डॉ. अशुल श्रीवास्तव ने कहा कि युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र का आधारस्तंभ होती है। देश का युवा यदि स्वस्थ, जागरूक और अनुशासित रहेगा तो भारत विकास के नए शिखर छू सकता है। उन्होंने कहा कि 'मेरी सेहत, मेरा गर्व' केवल एक विचार नहीं, बल्कि स्वस्थ और नशामुक्त जीवन की दिशा में सामूहिक संकल्प है। युवाओं को स्वयं नशे से दूर रहने के साथ दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करना चाहिए।

कार्यक्रम में एनएसएस अधिकारी डॉ. हिंदू सिंह धाकड़, डॉ. नरेंद्र कुमार वर्मा, डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. विनोद सिंह कुशवाह, डॉ. गिरजा नरवरिया, डॉ. दीक्षा त्यागी और डॉ. एचएल पटेल सहित बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# कलेक्टर कन्याल ने देखा ड्रिप-मल्चिंग से मिर्च की खेती का मॉडल, एक एकड़ में 4 लाख रुपए शुद्ध लाभ की उम्मीद

**गुना, जीएनएस।**
मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत कलेक्टर श्री किशोर कन्याल ने चांचौड़ा विकासखंड के ग्राम लालपुरिया, ग्राम पंचायत रमडी में किसान श्री महेश प्रजापति के खेत का भ्रमण किया। किसान ने परंपरागत सोयाबीन और मक्का की खेती से आगे बढ़कर लगभग एक एकड़ क्षेत्र में ड्रिप एवं मल्चिंग तकनीक के साथ हाइब्रिड मिर्च की खेती शुरू की है। इस मॉडल से किसान को परंपरागत खेती की तुलना में कई गुना अधिक आय मिलने की उम्मीद है।

किसान श्री महेश प्रजापति ने बताया कि उन्होंने सिंजेंटा-285 हाइब्रिड मिर्च की खेती के लिए 1 जुलाई 2026 को रोपाई की। लगभग 2 बीघा यानी करीब एक एकड़ क्षेत्र में 6 हजार पौधे लगाए गए हैं। पौधों के बीच 60म45 सेंटीमीटर की दूरी रखी गई है। अधिक उत्पादन एवं गुणवत्तायुक्त उत्पादन के उद्देश्य से खेत में ड्रिप सिंचाई और मल्चिंग तकनीक अपनाई गई है।



**160 क्विंटल उत्पादन का लक्ष्य:** किसान के अनुसार मिर्च की फसल से लगभग 160 क्विंटल प्रति एकड़ उत्पादन प्राप्त होने की उम्मीद है। खेती में ड्रिप, मल्चिंग, पौध, खाद सहित अब तक लगभग 30 हजार रुपए की लागत आई है। किसान को इस फसल से लगभग 4 लाख रुपए तक शुद्ध लाभ मिलने की उम्मीद है।

महेश प्रजापति पहले परंपरागत रूप से सोयाबीन और मक्का की खेती करते थे, जिससे एक एकड़ से लगभग 30 से 40 हजार रुपए की आय प्राप्त होती थी। उन्होंने बताया कि मिर्च की खेती में परंपरागत फसलों की तुलना में कई गुना अधिक लाभ मिलने की संभावना दिखाई दे रही है। वर्तमान अनुभव से उत्साहित होकर वे भविष्य में अधिक रकबे में ड्रिप एवं मल्चिंग तकनीक के साथ सब्जियों की खेती करने की योजना बना रहे हैं।

ड्रिप और मल्चिंग तकनीक से खेत में पानी की बचत के साथ-साथ खरपतवार नियंत्रण, श्रम की आवश्यकता में कमी तथा पौधों को संतुलित नमी उपलब्ध होने जैसे लाभ मिल रहे हैं। तकनीक के उपयोग से फसल की गुणवत्ता और उत्पादन में वृद्धि की संभावना भी बनी है। भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री किशोर कन्याल ने किसान के खेत का अवलोकन कर मिर्च उत्पादन, ड्रिप सिंचाई, मल्चिंग एवं फसल प्रबंधन की जानकारी ली। उन्होंने किसानों को परंपरागत खेती के साथ आधुनिक एवं लाभकारी उद्यानिकी फसलों को अपनाने तथा उपलब्ध तकनीकों का उपयोग कर उत्पादन एवं आय बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। आज इस दौरान एसडीएम चांचौड़ा श्री अमित सोनी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## स्नातक एमएलसी प्रत्याशी का पालिका अध्यक्ष एवं स्थानीय भाजपाइयों ने सर्वाधिक स्वागत किया स्वागत पाकर गदगद हुए

**जालौन, जीएनएस।**
भाजपा पार्टी के स्नातक एमएलसी अधिकृत प्रत्याशी का नगर में भ्रमण दौरान जगह-जगह फूल मालाओं से गले को भरकर स्वागत किया।

शुक्रवार के दिन लखनऊ प्रदेश भाजपा मुख्य कार्यालय से स्नातक एमएलसी चुनाव के प्रत्याशी अशोक राठौर जैसे ही टिकट की ताज पोसी लेकर अपने अमले के साथ दुर्गा मंदिर चौराहे में आए उनके स्वागत में पहले से मौजूद भाजपा नगर अध्यक्ष सुबोध द्विवेदी राठौर समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष अरविंद राठौर आदि लोगों ने उनका स्वागत किया फिर उनका काफिला बाहन पर खड़े होकर बाजार में भ्रमण होते हुए होते हुए नगर पालिका गेट समीप सड़क पर पहुंचा उनके स्वागत के लिए पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव जिला उपाध्यक्ष अमित पांडे आकाश द्विवेदी उर्फ छोटू विधायक अवनीश वाजपेई संजय सविता रविंद्र कोरी राकेश यादव रविंद्र यादव आदि सैकड़ो लोगों ने उनका माल्यार्पण कर अभूतपूर्व स्वागत किया इतना भी नहीं भाजपा पार्टी अशोक राठौर जिंदाबाद के नारे लगाकर नगर को रोमांचित कर सुशोभित किया।

## युवाओं के प्रेरणास्रोत श्री प्रबल प्रताप सिंह तोमर 'रघु भैया' का जन्मदिन सेवा कार्यों के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया

**ग्वालियर, जीएनएस।**
मध्य प्रदेश के ऊर्जावान युवाओं के मार्गदर्शक और लोकप्रिय नेता आदरणीय श्री प्रबल प्रताप सिंह तोमर (रघु भैया) का जन्मदिन आज बड़े ही सेवाभाव और उत्साह के साथ मनाया गया।

इस पावन अवसर पर श्री राहुल शाक्य ने अपनी पूरी युवा टीम के साथ मिलकर मानवता की मिसाल पेश की।

प्रदेश सह मीडिया प्रभारी, बुनकर प्रकोष्ठ (भारतीय जनता पार्टी) एवं युवा जिला अध्यक्ष, अखिल भारतीय कोली समाज (रजि. नई दिल्ली), ग्वालियर




इस विशेष दिन को जनसेवा के रूप में मनाते हुए राहुल शाक्य और उनकी युवा टीम ने कमला राजा अस्पताल (च.क्र॥.) के जच्चा-खाना में पहुँचकर मरीजों और उनके परिजनों को भोजन वितरित किया।

> ÷रघु भैया हम सभी युवाओं के लिए एक मार्गदर्शक हैं, जिनकी ऊर्जा और कार्यशैली से हमें हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। आज उनके जन्मदिन पर हमने गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा कर उनकी लंबी उम्र और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की है।

युवा टीम ने ईश्वर से प्रार्थना की कि आदरणीय प्रबल प्रताप सिंह तोमर जी दिन-रात उत्तरोत्तर प्रगति करें, ताकि उनका सानिध्य और प्रेरणा लंबे समय तक हम सभी युवाओं को मिलती रहे।

इस अवसर पर अस्पताल परिसर में उपस्थित सभी लोगों ने इस अनूठी पहल की सराहना की और रघु भैया को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।



### छिपा हुआ दुःख-दर्द...!

हरेक चेहरे पे मुस्कान सजाकर,
दिल में वो दर्द छिपाकर बैठे हैं।
दुनिया समझे सब कुछ अच्छा,
हम खामोशी को अपना बैठे हैं।
किससे कहें अपने मन की बातें,
हमको कौन यहाँ सुनने वाला है।
यहाँ हर ५चेहरा५ अपना लगता है,
परंतु कौन किसका होने वाला है।
हाँ, कुछ दर्द जुबाँ तक आते नहीं,
कुछ आँसू आँखों में ही सूख गए।
कुछ सपने थे जो अपने भी कभी,
स्थिति और वक्त के हाथों टूट गए।

**संजय एम तराणेकर**
(कवि, लेखक व समीक्षक)

## लोकतंत्र बचाओ,वोट बचाओ,देश बचाओ को लेकर इंडिया गठबंधन की हुंकार

**दतिया, जीएनएस।**
लोकतंत्र बचाओ,वोट बचाओ, देश बचाओ'अभियान के तहत शनिवार को जिला कांग्रेस कार्यालय जवाहर भवन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा,के अगवाई में आम आदमी पार्टी जिला दिलीप कुमार दुवे,ष्टक्क्ष्रू महासचिव अब्दुल हकीम सिद्दीकी,समाजवादी पार्टी से प्रदीप यादव आदि इंडिया गठबंधन के विभिन्न दलों की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित हुई नेताओं ने मतदाता सूची,वोट के अधिकार और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर सवाल उठाते हुए भाजपा सरकार और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर तीखे आरोप लगाए दतिया विधायक घनश्याम सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत जनता का वोट है मतदाता सूची में गड़बड़ी या पात्र मतदाताओं के नाम हटाना



लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है उन्होंने कहा कि वोट की सुरक्षा और निष्पक्ष चुनाव के लिए कांग्रेस हर स्तर पर आवाज उठाएगी जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा ने कहा कि वोट किसी दल की जागीर नहीं,जनता का अधिकार है उन्होंने कहा कि मतदाता सूची और चुनावी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए,ताकि किसी नागरिक के मताधिकार पर सवाल न उठे आम आदमी पार्टी जिला दिलीप कुमार दुवे ने कहा कि जनता के वोट से सरकार बनती है,इसलिए वोट की विश्वसनीयता से कोई समझौता नहीं किया जा सकता उन्होंने मतदाता सूची से जुड़ी शिकायतों की निष्पक्ष जांच की मांग की ष्टक्क्ष्रूसे अब्दुल हकीम सिद्दीकी महासचिव ने कहा कि चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर उठ रहे सवालों का जवाब पारदर्शिता से दिया जाना चाहिए उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में लोकतांत्रिक संस्थाओं पर दबाव बढ़ा है प्रदेश महासचिव अवधेश नायक ने कहा कि लोकतंत्र तभी मजबूत रहेगा,जब हर पात्र नागरिक का वोट सुरक्षित रहेगा उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा के लिए संयुक्त संघर्ष जारी रखेगा गठबंधन नेताओं ने आरोप लगाया कि वोट चोरी के जरिए लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है और चुनाव आयोग की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं नेताओं ने कहा कि जनता के वोट और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए इंडिया गठबंधन सड़क से लेकर जनमंच तक अपनी आवाज बुलंद करेगा प्रेस कॉन्फ्रेंस में इंडिया गठबंधन के विभिन्न दलों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे इस अवसर पर दतिया विधायक घनश्याम सिंह,जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा,प्रदेश महासचिव अवधेश नायक,जिला कांग्रेस संगठन महासचिव नरेन्द्र गुर्जर,नारायण बाबूजी,दतिया नगर कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद अरशद रज्जन भाई,आम आदमी पार्टी जिला दिलीप कुमार दुवे,ष्टक्क्ष्रू के महासचिव अब्दुल हकीम सिद्दीकी,समाजवादी पार्टी अध्यक्ष प्रदीप यादव,स्वामी शरण कुशवाहा, मीडिया प्रभारी पवन बेडर,प्रदीप गुर्जर,आशीष तिवारी,विक्रम दांगी,शंभू गोस्वामी,वासुदेव कमरिया,रामकुमार मोंगिया,अमन सिंह यादव,स्वदेश अहिरवार,के,पी यादव,साबिर पठान,मेहरवान सिंह बघेल,मनीष दांगी,वीरू दांगी,काले खां,पार्षद मनीष कुशवाहा,प्रवीण श्रीवास्तव,धर्मेंद्र यादव,मंगल कुशवाहा,राधाकृष्ण दुबे,आम आदमी पार्टी पूर्व जिला अध्यक्ष भैयालाल कुशवाहा,उतम क ु श ा व ा ह ा , क म ल कुशवाहा,दयाशंकर सागर मधन दांगी आदि उपस्थित रहे!

## बगीचा सरकार ,प्रभुश्रीराम राजा धाम में 51 कुंडीय महायज्ञ के साथ गूंजेगी श्रीराम कथा

**शिवपुरी, जीएनएस।**
श्री श्री 1008 बाबा भानगिर की तपोभूमि और बगीचा सरकार हनुमान जी महाराज के पावन धाम एवं प्रभु श्रीराम राजा मंदिर के विशाल प्रांगण में अक्टूबर में धर्म और आस्था का बड़ा आयोजन होने जा रहा है। यहां 51 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का आयोजन 24 से 30 अक्टूबर तक किया जाएगा। कथा की व्यासपीठ पर बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर एवं प्रसिद्ध कथावाचक पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का रसपान कराएंगे। आयोजन को लेकर शुक्रवार को आयोजित पत्रकारवार्ता में तैयारियों एवं कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी दी गई।




मुख्य यजमान पं. राजेश दुबे भोला महाराज ने बताया कि आयोजन की शुरुआत 23 अक्टूबर को श्री गणेश पूजन एवं भव्य कलश यात्रा के साथ होगी। सुबह 11 बजे मंडी प्रांगण स्थित शिशु मंदिर से कलश यात्रा प्रारंभ होकर बगीचा सरकार मंदिर परिसर पहुंचेगी। इसके अगले दिन 24 अक्टूबर से प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक श्रीराम कथा होगी। उन्होंने बताया कि 24 से 30 अक्टूबर तक प्रतिदिन सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक 51 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ आयोजित किया जाएगा। 30 अक्टूबर को यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद दोपहर 3 बजे विशाल महाभंडारा होगा। आयोजन अवधि में प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए अन्न क्षेत्र एवं प्रसादी भंडारे की व्यवस्था रहेगी। आयोजन का एक प्रमुख आकर्षण बागेश्वर धाम सरकार का दिव्य दरबार भी होगा। यह दरबार दो दिन लगेगा, जिसकी तिथि की घोषणा मंच से एक दिन पूर्व की जाएगी। कार्यक्रम प्रभु श्रीराम हनुमान मानव सेवा समिति, समस्त करैरा नगरवासी एवं क्षेत्रवासी तथा ब्राह्मण समाज सेवा समिति के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। पत्रकारवार्ता में राजेश दुबे भोला महाराज, महेश शर्मा, भरत राम शर्मा एडवोकेट ,नवीन दुबे, राकेश दुबे एवं डॉ. बीके शर्मा, संतोष शर्मा,नीलेश दुवे, अखिलेश दुवे,डा.भूपेन्द्र विकल, उम्मेद सिंह झा सहित आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस, सफल युवा मंडल ने आयोजित की संगोष्ठी, बुजुर्गों ने खेलकूद गतिविधियों में लिया उत्साहपूर्वक भाग

**ग्वालियर, जीएनएस।** युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित मेरा युवा भारत केंद्र, ग्वालियर से संबद्ध सफल युवा मंडल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर एक विशेष संगोष्ठी और खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन झंडा पुरा क्षेत्र में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के वरिष्ठ नागरिकों के योगदान की सराहना करना और उनके मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्युत विभाग ग्वालियर के श्री नरेंद्र कुशवाहा जी उपस्थित रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ जनों को



संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, बुजुर्ग हमारे समाज की नींव और अनुभवों की धरोहर हैं। बढ़ती उम्र में भी उनका सक्रिय रहना नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है। स्वस्थ जीवन जीने के लिए खेल और आपसी संवाद सबसे बेहतर माध्यम हैं और विद्युत विभाग सहित पूरा समाज सदैव हमारे वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा और सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम का सफल संचालन सफल युवा मंडल के अध्यक्ष अरविंद कुशवाह द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बुजुर्गों के चेहरे पर मुस्कान लाना और उन्हें अकेलापन महसूस न होने देना ही इस आयोजन का मुख्य ध्येय है। मेरा युवा भारत केंद्र के माध्यम से युवा लगातार वरिष्ठ नागरिकों के साथ जुड़कर एक सकारात्मक और समावेशी समाज के निर्माण का प्रयास कर रहे हैं।

इस दौरान उपस्थित वृद्धजनों के लिए मनोरंजन और मानसिक चेतना बढ़ाने वाले विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया। विजेता और प्रतिभागी बुजुर्गों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने और संपूर्ण व्यवस्था संभालने में संगठन के सक्रिय सदस्य चमन कुशवाहा, बलराम, योगेश, विशाल एवं अन्य स्थानीय युवाओं ने अपना महत्वपूर्ण और सराहनीय योगदान दिया।



राष्ट्रीय रक्षक मोर्चा पार्टी के तत्वाधान में रेड  ास सोसायटी के सौजन्य से कल दिनांक 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के उपलक्ष्य में वृहद रक्त दान शिविर का आयोजन 31 नम्बर कोठी अलकापुरी सिटिसेंटर पर किया गया.. यहां पर उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने अपनी स्वेच्छा से जरूरतमंदों के लिए रक्त दान कर सहयोग किया।



## सेवा मेरा योगदान अभियान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्य मंत्री मोहन यादव के आव्हान पर म प्र जन अभियान परिषद के दिशा निर्देश द्वारा गांधी जयंती को सेवा मेरा योगदान अभियान, सप्ताह का आयोजन 2 से 10अक्टूबर तक मनाये जाने का आव्हान किया है जिसके अंतर्गत स्वच्छता, चिकित्सा शिविर, वृद्धजन सेवा,दिव्यांग सेवा, कार्यक्रम आयोजित किया जाता है इसी क्रम में नवांकुर संस्था सर्वे भवन्तु सुखिन समिति द्वारा उटीला सेक्टर में भदावना धाम पर स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें जल स्रोत पर लोगों द्वारा छोड़ी गई पौलिथिन, कपड़े, मूर्तियां हटाकर स्वच्छता अभियान चलाया इस अवसर पर, वरिष्ठ समाजसेवी सुधाकर पाठक, सरपंच गुर्री हरेन्द्र राणा, चंद्र भान सचान,सोनू राठौर, राजेश बंशकार, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधि, सर्वे भवन्तु सुखिन समिति अध्यक्ष राजकुमार प्रजापति, अरविंद कुशवाहा एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# आईएसीसी की नई कार्यकारिणी का गठन,भृगु नारायण दुबे ने संभाला चेयरमैन का दायित्व

**वाराणसी, जीएनएस।** इंडो अमेरिकन चैम्बर ऑफ कॉमर्स (आईएसीसी) की मैनेजिंग कमेटी की वार्षिक बैठक कैंटोनमेंट स्थित होटल रैडिसन में निवर्तमान चेयरमैन बेन एन.जॉन की अध्यक्षता में आयोजित हुई 7 बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए मैनेजिंग कमेटी के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया 7 सर्वसम्मति से भृगु नारायण दुबे को चेयरमैन,खाकसार आलम को प्रथम वाइस चेयरमैन तथा सांतनु पॉल को द्वितीय वाइस चेयरमैन चुना गया 7 इसके साथ ही मैनेजिंग कमेटी के सदस्यों के रूप में डॉ.अनीता पी.डे, आलोक बरनवाल,अजय गौतम,प्रशांत गुप्ता,यादवेंद्र कुमार रॉय,संदीप तुलस्यान, अमित अग्रवाल एवं



अभिषेक अग्रवाल का चयन किया गया।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से अपना पदभार ग्रहण कर लिया 7 इस अवसर पर एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सीए मुकुल शाह एवं सीए शिशिर उपाध्याय ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं 7 नवनिर्वाचित चेयरमैन श्री भृगु नारायण दुबे ने कहा कि पिछले वर्ष एसोसिएशन की ओर से उद्यमियों एवं विद्यार्थियों के लिए अनेक उपयोगी सेमिनार आयोजित किए गए 7 साथ ही उद्योग जगत से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को शासन एवं प्रशासन के समक्ष उठाकर उनके समाधान का प्रयास किया गया जिसका सदस्यों एवं उद्यमियों को लाभ मिला 7 उन्होंने कहा कि इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए सभी सदस्यों के सहयोग से आईएसीसी वाराणसी भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच औद्योगिक,आर्थिक,व्यावसायिक एवं वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य करेगा।

विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका की कंपनियों को भारत में निवेश के लिए प्रोत्साहित करने तथा उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं को बढ़ाने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे 7 प्रथम वाइस चेयरमैन खाकसार आलम एवं द्वितीय वाइस चेयरमैन सांतनु पॉल ने कहा कि आईएसीसी अपने सदस्यों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा।

## सॉफ्ट हॉकी एसोसिएशन मध्य प्रदेश के अध्यक्ष लोकेंद्र पाराशर एवं अविनाश भटनागर सचिव बने

मध्य प्रदेश सॉफ्ट हॉकी एसोसिएशन का गठन आज होटल लैंडमार्क में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एमेच्योर सॉफ्ट हॉकी फेडरेशन ऑफ इंडिया के सचिव रमेश सिंह ने घोषणा करते हुए बताया कि सॉफ्ट हॉकी को मध्य प्रदेश में प्रचलित करने के लिए मध्य प्रदेश सॉफ्ट हॉकी का गठन किया गया है जिसका प्रदेश अध्यक्ष लोकेंद्र पाराशर को एवं प्रदेश सचिव अविनाश भटनागर को



जिम्मेदारी दी गई है कि आप दोनों मिलकर मध्य प्रदेश सॉफ्ट हॉकी की कार्यकारिणी का गठन कर सॉफ्ट हॉकी को पूरे मध्य प्रदेश में जिला सॉफ्ट हॉकी संघ के माध्यम से संपूर्ण मध्य प्रदेश में इकाइयों का गठन करें!

### शुष्क दिवस पर अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई

# 13 प्रकरण दर्ज, करीब 2.25 लाख रुपए की अवैध मदिरा एवं वाहन जब्त

**ग्वालियर, जीएनएस।** शुष्क दिवस के अवसर पर ग्वालियर जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण एवं परिवहन के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की गई। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के आदेशानुसार, आबकारी उपायुक्त श्री संदीप शर्मा के निर्देशन एवं सहायक आबकारी आयुक्त श्री राज नारायण सोनी के मार्गदर्शन में हजीरा, तानसेन नगर, गोले का मंदिर, नारायण बिहार कॉलोनी, बेला की बावड़ी एवं डबरा क्षेत्र में



दबिश दी गई।

कार्रवाई के दौरान विभिन्न स्थानों से देसी एवं अंग्रेजी मदिरा, बीयर सहित कुल 13 प्रकरण दर्ज किए गए। हजीरा क्षेत्र से 12 बल्क लीटर देसी एवं 11 बल्क लीटर अंग्रेजी मदिरा तथा प्रगति विहार कॉलोनी से 25 बल्क लीटर अंग्रेजी मदिरा जब्त की गई। इसके अलावा मामा के बाजार, स्टेशन रोड, बेला की बावड़ी एवं डबरा क्षेत्र से बड़ी मात्रा में अवैध मदिरा जब्त की गई।

आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1) के तहत कुल 13 अपराध पंजीबद्ध किए गए। जब्त अवैध मदिरा एवं वाहन की अनुमानित कीमत लगभग 2.25 लाख रुपए है।

आबकारी विभाग ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# दिवंगत सदस्य के परिवार को 1.06 लाख की मदद

**फिरोजाबाद।** अग्रबंधु सेवार्थ संस्थान (एबीएसएस) ने दिवंगत सदस्य के परिवार की मदद कर सामाजिक एकजुटता की मिसाल पेश की। संस्था के सदस्य स्वर्गीय अजय अग्रवाल (जैन) के आकस्मिक निधन के बाद उनकी पत्नी प्रवीणा जैन को 1,06,051 रुपये की सहयोग राशि दी गई।

संस्था की कार्यकारिणी के अनुसार, परिवार को आर्थिक संबल देने के लिए जनपद के 425 अग्रबंधुओं ने 250-250 रुपये का सहयोग किया। इससे जुटी 1,06,051 रुपये की राशि डिजिटल माध्यम से दिवंगत सदस्य की पत्नी को प्रदान की गई। संस्था पदाधिकारियों ने बताया कि यह पहल महाराजा अग्रसेन के 'एक ईंट, एक रुपया' के सिद्धांत से प्रेरित है। संस्था का उद्देश्य जरूरत के समय समाज के परिवारों के साथ खड़ा होना और उन्हें आर्थिक संबल देना है। पदाधिकारियों ने कहा कि सामूहिक सहयोग से किसी जरूरतमंद परिवार को मुश्किल समय में सहारा दिया जा सकता है। संस्था की ओर से एबीएसएस की सदस्यता के लिए पंजीकरण निशुल्क होने की जानकारी दी गई है।



# ज्यूरिस्ट्स फेडरेशन पूरे भारत में खोलेगा विधिक सहायता एवं प्रो-बोनो केंद्र

**नई दिल्ली, जीएनएस।** ज्यूरिस्ट्स फेडरेशन ने देशभर में विधिक सहायता एवं प्रो-बोनो केंद्र स्थापित करने की महत्वपूर्ण जनसेवा पहल की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य आम नागरिकों तक प्रारंभिक कानूनी जानकारी, विधिक मार्गदर्शन और उपलब्ध कानूनी उपायों से संबंधित जानकारी को अधिक सुलभ बनाना है। फेडरेशन इस नेटवर्क को चरणबद्ध तरीके से विकसित करने की दिशा में कार्य करेगा और प्रस्तावित केंद्र विभिन्न क्षेत्रों में आवश्यकता एवं संगठनात्मक क्षमता के अनुसार स्थापित किए जाएंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए ज्यूरिस्ट्स फेडरेशन के चेयरमैन राजीव अग्निहोत्री ने कहा कि न्याय व्यवस्था के प्रति जागरूकता केवल न्यायालयों तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों, कर्तव्यों और उपलब्ध कानूनी विकल्पों की बुनियादी जानकारी होना भी आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि प्रस्तावित विधिक सहायता एवं प्रो-बोनो केंद्रों के माध्यम से जनता और कानूनी क्षेत्र के बीच एक उपयोगी एवं जिम्मेदार संपर्क स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा।

इन केंद्रों पर आम नागरिकों को प्रारंभिक स्तर पर कानूनी प्रक्रियाओं को समझने, संबंधित विषय में उपलब्ध उपायों की जानकारी प्राप्त करने तथा आवश्यकता के अनुसार उचित कानूनी या संस्थागत माध्यम तक पहुंचने के संबंध में मार्गदर्शन उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। इसका विशेष उद्देश्य उन लोगों तक जानकारी पहुंचाना है जिन्हें अपने कानूनी अधिकारों, संबंधित प्राधिकरण या न्यायालय के समक्ष अपनाई जाने वाली प्रक्रिया अथवा उपलब्ध सहायता के विकल्पों के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं होती।

फेडरेशन के अनुसार, प्रस्तावित केंद्र प्रो-बोनो एवं स्वैच्छिक आधार पर कार्य करेंगे



और उनकी गतिविधियां लागू कानूनों, पेशेवर नियमों तथा संबंधित नियामक आवश्यकताओं के अधीन होंगी। इस पहल से जुड़ने वाले अधिवक्ता अपनी इच्छा और उपलब्ध समय के अनुसार अपने ज्ञान एवं अनुभव का स्वैच्छिक योगदान कर सकेंगे।

ज्यूरिस्ट्स फेडरेशन का मानना है कि कानूनी जागरूकता एक जिम्मेदार समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कई बार जानकारी के अभाव में लोग अपने अधिकारों का प्रभावी ढंग से उपयोग नहीं कर पाते या यह समझ नहीं पाते कि किसी समस्या के समाधान के लिए उन्हें किस प्राधिकरण, संस्था या कानूनी प्रक्रिया का सहारा लेना चाहिए। प्रस्तावित केंद्र इस सूचना-अंतर को कम करने की दिशा में एक सहयोगी मंच के रूप में कार्य करने का प्रयास करेंगे। फेडरेशन ने देशभर के अधिवक्ताओं तथा जनसेवा की भावना रखने वाले नागरिकों से भी इस पहल से जुड़ने का आह्वान किया है। अधिवक्ता अपनी विशेषज्ञता के अनुसार विधिक सहायता और प्रो-बोनो गतिविधियों में योगदान दे सकते हैं, जबकि अन्य इच्छुक नागरिक कानूनी जागरूकता, जनसंपर्क और संगठनात्मक गतिविधियों में अपनी क्षमता एवं अनुभव के अनुसार सहयोग कर सकते हैं।

फेडरेशन ने स्पष्ट किया है कि प्रस्तावित केंद्र किसी न्यायालय, सरकारी विभाग, वैधानिक कानूनी सहायता संस्था या अन्य विधि द्वारा स्थापित प्राधिकरण के कार्यों का स्थान लेने के उद्देश्य से स्थापित नहीं किए जा रहे हैं। इनका उद्देश्य मौजूदा कानूनी एवं संस्थागत व्यवस्थाओं के पूरक के रूप में कार्य करते हुए नागरिकों को उपलब्ध विकल्पों को समझने और आवश्यकता पड़ने पर उचित संस्थागत माध्यम तक पहुंचने में सहायता करना है।

इसी क्रम में ज्यूरिस्ट्स फेडरेशन ने अपने देशव्यापी मानद पदों एवं जिम्मेदारियों के लिए भी अधिवक्ताओं और इच्छुक नागरिकों को जोड़ने की प्रक्रिया शुरू करने की जानकारी दी है। ये जिम्मेदारियां पूरे भारत में, तालुका स्तर तक, स्वैच्छिक एवं प्रो-बोनो प्रकृति की होंगी। फेडरेशन ने स्पष्ट किया है कि इन मानद पदों के लिए कोई वेतन, पारिश्रमिक अथवा मौद्रिक मुआवजा प्रदान नहीं किया जाएगा।

चेयरमैन राजीव अग्निहोत्री ने कहा कि जनसेवा के लिए केवल संस्थागत प्रयास ही पर्याप्त नहीं होते, बल्कि समाज के जिम्मेदार नागरिकों और कानूनी पेशे से जुड़े लोगों की स्वैच्छिक भागीदारी भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि फेडरेशन का प्रयास ऐसा नेटवर्क विकसित करना है जिसमें कानूनी ज्ञान और सामाजिक जिम्मेदारी को जनहित से जोड़ा जा सके।

उन्होंने अधिवक्ताओं और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्ध नागरिकों से अपील की कि जो लोग बिना किसी आर्थिक अपेक्षा के समाज के लिए अपना समय, ज्ञान और अनुभव देना चाहते हैं, वे इस पहल से जुड़ सकते हैं। ज्यूरिस्ट्स फेडरेशन के अनुसार, विधिक सहायता एवं प्रो-बोनो केंद्रों की स्थापना चरणबद्ध तरीके से की जाएगी। विभिन्न क्षेत्रों में केंद्रों के स्थान, प्रारंभ होने की तिथि, संचालन प्रक्रिया, उपलब्ध सेवाओं और सहभागिता से संबंधित विस्तृत जानकारी समय-समय पर जारी की जाएगी। फेडरेशन ने कहा कि इस पहल का मूल उद्देश्य कानूनी जागरूकता को व्यापक बनाना, नागरिकों को उपलब्ध कानूनी विकल्पों की जानकारी देना और स्वैच्छिक विधिक सेवा के माध्यम से समाज तथा कानूनी पेशे के बीच सार्थक संबंध को मजबूत करना है।

# कस्बा मढ़ी पंचायत में चंदन सिंह अहिरवार बने सरपंच



**गुना, जीएनएस।** जिले की आरोन जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत कस्बा मढ़ी में सरपंच पद के लिए हुए त्रिस्तरीय पंचायत उप-निर्वाचन 2026 के परिणाम शनिवार को घोषित कर दिए गए। निष्पक्ष और पारदर्शी माहौल में संपन्न हुई मतगणना में चंदन सिंह अहिरवार ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 192 वोटों के अंतर से शिकस्त देकर सरपंच पद की कुर्सी पर कब्जा जमाया।

एसडीएम आरोन मंजूषा खत्री के मार्गदर्शन में शनिवार सुबह से शुरू हुई मतगणना प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। सरपंच पद के लिए कुल 6 उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे थे। तीन मतदान केंद्रों पर पड़े कुल 1385 मतों की गणना के बाद चंदन सिंह अहिरवार को सर्वाधिक 732 वोट प्राप्त हुए, जिसके आधार पर उन्हें अधिकृत रूप से विजयी घोषित किया गया।

पंचायत इतिहास में पहली बार ईवीएम से पड़ी थी वोटें

उल्लेखनीय है कि कस्बा मढ़ी पंचायत के इतिहास में पहली बार सरपंच चुनाव के लिए 29 सितंबर को ईवीएम (ई-वोटिंग मशीन) के जरिए मतदान कराया गया था, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए 71.17 फीसदी मतदान दर्ज कराया था।परिणामों की आधिकारिक घोषणा के बाद रिटर्निंग अधिकारी धीरेंद्र गुप्ता ने नवनिर्वाचित सरपंच चंदन सिंह अहिरवार (निवासी कस्बा मढ़ी) को जीत का प्रमाण पत्र सौंपा। इस दौरान सहायक रिटर्निंग अधिकारी कृष्णकांत चौबे आदि।

# श्रीमद्भागवत कथा का हुआ समापन, विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी

**पोरसा, जीएनएस।** रेस्ट हाउस परिसर में श्री संत हनुमान दास महाराज के शिष्यों द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का शनिवार को विधिवत समापन हुआ। कथा के अंतिम दिन कथा व्यास पंडित राम अवतार शास्त्री जी ने श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा कराने एवं कथा श्रवण करने के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और भक्तिमय वातावरण में कथा का श्रवण किया। कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि मनुष्य को सद्मार्ग, भक्ति, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना की ओर ले जाने वाला माध्यम है। श्रद्धा एवं भावपूर्वक कथा का श्रवण करने से मनुष्य के जीवन में सकारात्मक विचारों का संचार होता है। उन्होंने कथा आयोजन के महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा, सेवा और धार्मिक भावना को बढ़ावा मिलता है। कथा के समापन अवसर पर विधि-विधान के साथ हवन का आयोजन किया गया। हवन में श्रद्धालुओं ने आहुति देकर विश्व कल्याण, सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। हवन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की। भंडारे के दौरान श्रद्धालुओं में प्रसादी वितरण का सिलसिला काफी देर तक चलता रहा। श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन में मूल पाठ पंडित हरि सेवक शर्मा शास्त्री एवं मूल पाठ पर रूप नारायण शास्त्री ने सहयोग प्रदान किया। वहीं गीता पाठ पंडित महेश शास्त्री ने किया। कथा में संगीत की व्यवस्था में तबले पर विपिन श्रीवास्तव तथा हारमोनियम पर राम बिहारी सिंह तोमर ने सहयोग किया।

# गौशाला संचालन पर बढ़ा आर्थिक संकट, 40 प्रतिदिन अनुदान में 200 रुपए का खर्च — संत ब्रजकिशोर पागल दास महाराज

**पोरसा, जीएनएस।** शहर में संचालित गौशालाओं के सामने आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। गौशाला संचालकों का कहना है कि शासन द्वारा प्रति गाय प्रतिदिन केवल 40 रुपए का भरण-पोषण अनुदान दिया जाता है, जबकि एक गाय पर प्रतिदिन लगभग 200 रुपए से अधिक का खर्च आता है। ऐसे में गौशाला का संचालन करना दिन-प्रतिदिन कठिन होता जा रहा है। पोरसा में वर्ष 2001 में स्थापित श्री नागाजी गौशाला आज भी लगातार संचालित हो रही है। वर्तमान में गौशाला में लगभग 160 गाय, सांड और बछड़े मौजूद हैं, जिनका पालन-पोषण गौशाला प्रबंधन द्वारा किया जा रहा है। गौशाला संचालक संत ब्रजकिशोर पागल दास महाराज का कहना है कि शासन के नियमों के अनुसार प्रति गाय केवल 40 रुपए प्रतिदिन का अनुदान मिलता है, जबकि वास्तविक खर्च इससे कई गुना अधिक है। उन्होंने बताया कि एक गाय के दैनिक खर्च में लगभग 10 किलो भूसा करीब 100 रुपए, 1 किलो पीन लगभग 30 रुपए, 1 किलो दाना करीब 25 रुपए तथा मजदूरी, दवाई और रख-रखाव आदि मिलाकर लगभग 45 रुपए का अतिरिक्त खर्च आता है। इस प्रकार एक गाय पर प्रतिदिन करीब 200 रुपए तक का खर्चा हो जाता है। उन्होंने बताया कि इस हिसाब से प्रति गाय लगभग 160 रुपए का प्रतिदिन घाटा होता है। ऐसी स्थिति में केवल सरकारी अनुदान के भरोसे गौशाला चलाना संभव नहीं है।

# एसडीएम शिवानी पाठक ने अवैध प्लॉट बिक्री और रजिस्ट्री पर लगाई रोक

**गुना, जीएनएस।** अवैध कालोनी के निर्माण करने और भूमि संबंधी अनियमितताओं के खिलाफ सख्त रूख अपनाते हुए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग गुना शिवानी पाठक द्वारा एक बड़ा आदेश जारी किया गया है, प्रशासन ने क्षेत्र के सर्वे नं 40/1 और 40/3 पर स्थित भूमि के प्लाटो की बिक्री- (खरीद-फरोखत) और उनके वैधानिक पंजीयन (रजिस्ट्री) पर तत्काल प्रभाव से पूरी तरह रोक लगा दी है इस संबंध में तहसीलदार गुना को कार्यवाही करने के लिए 31/08/2026 को पत्र जारी किया गया है

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार ? जिलदबंदोबस्त मे यह भूमि सर्वे नंबर 40 गंगोला पुत्र रतना जाति शहरिया नि. गादेर के नाम दर्ज हे, सर्वे नं 40/1 रकवा 0.797 है.सुखवती पत्नी लीलाधर तेकाम निवासी पिछोर जिला शिवपुरी के नाम खसरे में आ रही है ओर

सर्वे नं 40/3 रकवा 0.796 है. सुखवती पत्नी लीलाधर तेकाम निवासी पिछोर जिला शिवपुरी के नाम खसरे में



आ रही हे इनके द्वारा

बिना बैध अनुमति के अवैध कालोनी विकसित करने, निर्माण करने पर ग्राम बोरखेड़ागिर्द के तहत भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन (डायवरजन)के उलंघन करते हुए निर्माण किया गया है, क्षेत्र में आम जनता को धोखाधड़ी से बचाने ओर शासकीय नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए उप पंजीयक को निरदेशित किया गया है कि ग्राम बोरखेड़ागिर्द स्थित भूमि सर्वे नं 40/1 मेसे एवं सर्वे नं 40/3 मेंसे प्लॉट के बिक्रय पत्र का पंजीयन नहीं करने के आदेश जारी किये गये

सूत्रों का कहना

सूत्रों के अनुसार इस प्रकरण में एक बड़े भू- माफिया का हाथ नजर आ रहा है जिस पर बेनामी संपत्ति का भंडार है नहीं तो इतना रूपया आदिवासियों पर कहाँ से आएगा,जो पिछोर छोड़कर गुना आकर कालोनी काटने की हिम्मत करे जिसकी गुना में किसी से जान ना पहचान हो

**अधिकारियों/करमचारियों पर कारवाई**

इसमें संलिप्त रहने वाले दोषी राजस्व अधिकारियों /करमचारियों या रजिस्टार कारयालय के करमचारियों पर भी विभागीय जांच ओर गाज गिर सकती है कयोकि आदिवासी भूमि की बिना वैध अनुमति के की गई खरीद- बिक्री कानूनन पूरी तरह अवैध है

**सावधान**

1- कोई भी नागरिक इन प्रतिबंधित सर्वे नंबरों पर प्लॉट खरीदने का सौदा ना करे

2- यदि कोई (कालोनाईजर) इस भूमि पर खरीद- बिक्री की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी

3- पंजीयन कार्यालय को भी आदेशित किया गया है कि वे इन दोनों नंबरों से जुड़े दस्तावेज का आनलाईन या आफलाइन ई-पंजीयन स्वीकार न करें।

?? अवैध कालोनी में निवेश करने से बचें

?ग्लॉट खरीदने से पेहले सरकारी रिकॉर्ड में जमीन के मूल मालिक की जाति ओर जमीन की प्रकति की अच्छी तरह से जांच करले भविष्य के लिए खतरा 20-30 साल बाद भी अगर आदिवासी की भूमि है तो उनके परिवार के बच्चे या पोते कोर्ट में दावा करके उस जमीन पर अपना हक जमा सकते हैं सावधान रहें।

### गांधी प्राणी उद्यान में वन्यप्राणी सप्ताह

# वन्यजीवों के बारे में रोचक जानकारी पाकर अचंभित हुए विद्यार्थी

**ग्वालियर, जीएनएस।**

नगर निगम ग्वालियर द्वारा संचालित गांधी प्राणी उद्यान (चिड़ियाघर) में वन्यप्राणी सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 3 अक्टूबर 2026 को स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए गांधी प्राणी उद्यान के भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को वन्यजीवों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें वन्यप्राणियों के संरक्षण, व्यवहार और पर्यावरणीय महत्व की व्यवहारिक जानकारी उपलब्ध कराना रहा।

भ्रमण के दौरान कक्षा 1 से 12वीं तक के लगभग 80 छात्र-छात्राओं ने गांधी प्राणी उद्यान का भ्रमण किया। विद्यार्थियों को चिड़ियाघर में मौजूद विभिन्न वन्यप्राणियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें वन्यजीवों की जीवनशैली, खान-पान, रहन-सहन, व्यवहार तथा उनके प्राकृतिक आवास के बारे में बताया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को वन्यप्राणियों को लेकर समाज



में प्रचलित विभिन्न भ्रांतियों के संबंध में भी जानकारी दी गई तथा वैज्ञानिक तथ्यों के माध्यम से उन्हें दूर करने का प्रयास किया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि वन्यजीव पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और इनके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। कार्यक्रम के दौरान वन्यजीव संरक्षण के महत्व पर विशेष रूप से चर्चा की गई। साथ ही वन्यजीवों की विलुप्त हो रही प्रजातियों तथा उनके संरक्षण की आवश्यकता के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। विद्यार्थियों ने वन्यप्राणियों को नजदीक से देखकर उनके संबंध में जानकारी प्राप्त की और वन्यजीव संरक्षण से जुड़े विषयों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

गौरतलब है कि नगर निगम ग्वालियर द्वारा गांधी प्राणी उद्यान में 2 से 8 अक्टूबर तक वन्यप्राणी सप्ताह मनाया जा रहा है। सप्ताह के दौरान विद्यार्थियों एवं आमजन को वन्यजीवों के संरक्षण, जैव विविधता और पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। नगर निगम द्वारा विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में इस प्रतियोगिता एवं वन्यप्राणी सप्ताह की गतिविधियों में सहभागिता करने की अपील की गई है, ताकि नई पीढ़ी में वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता विकसित होने के साथ-साथ उनके संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके।

भ्रमण कार्यक्रम के दौरान प्रभारी डॉ. उपेन्द्र सिंह यादव, क्यूरेटर श्री गौरव परिहार, श्री योगेन्द्र सिंह दण्डौतिया, श्री अनुराग सिंह गुर्जर, श्री अमित देवस्थली एवं श्री इकरार बेग उपस्थित रहे।

**4 अक्टूबर को होगी चित्रकला प्रतियोगिता**

वन्यप्राणी सप्ताह के अंतर्गत 4 अक्टूबर 2026 को गांधी प्राणी उद्यान में प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में प्राथमिक, मिडिल एवं हायर एजुकेशन स्तर के कक्षा 1 से 12वीं तक के छात्र-छात्राएं भाग ले सकेंगे। चित्रकला प्रतियोगिता के लिए गांधी प्राणी उद्यान की ओर से ड्रॉइंग शीट उपलब्ध कराई जाएगी, जबकि प्रतिभागियों को कलर, पेंसिल एवं अन्य आवश्यक सामग्री स्वयं लानी होगी। प्रतियोगिता का विषय प्रतिभागियों को चित्रकला प्रारंभ होने से पूर्व बताया जाएगा।

# गांधी जयंती पर मालनपुर में सेवा संकल्प अभियान, स्वच्छता और वृक्षारोपण का संदेश

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर ग्वालियर के निकट औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी लोकप्रिय नेता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल सिंह आर्य जी, नगर परिषद मालनपुर के अधिकारी-कर्मचारी, भाजपा के पदाधिकारी तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर की गई। इसके बाद विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। साथ ही महात्मा गांधी जी के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान सफाई मित्रों का सम्मान भी किया गया तथा स्वच्छता के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की गई।

## गुलाबगंज में अतिक्रमण पर प्रशासन की कार्रवाई, अवैध चबूतरे एवं अन्य अतिक्रमण हटाए



**गुना, जीएनएस।**

कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में शहर में स्वच्छता एवं सार्वजनिक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के लिए प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कैंट गुलाबगंज स्थित वार्ड क्रमांक 32 में प्रशासन एवं नगर पालिका अमले द्वारा मौके पर कार्रवाई करते हुए घरों के बाहर सड़क एवं नालियों पर बनाए गए अवैध चबूतरों तथा अन्य प्रकार के अतिक्रमण को तत्काल जेसीबी की मदद से हटाया गया। कार्रवाई के दौरान 21 अतिक्रमण हटाए गए तथा 1000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। साथ ही कुछ अतिक्रमणकर्ताओं को चेतावनी दी गई तथा कुछ को नोटिस भी जारी किए गए।

प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया कि स्वच्छता एवं सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने में लापरवाही अथवा अतिक्रमण पाए जाने पर मौके पर ही नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत सुमन, डिप्टी कलेक्टर श्री दिव्यांशु शिवहरे, सीएमओ श्री शैलेश अवस्थी, सहित अन्य अधिकारी, नगर पालिका का अमला एवं पुलिस बल उपस्थित रहा।

# व्हीआईएसएम कॉलेज के फिजियोथेरेपी विद्यार्थियों ने रामकृष्ण मिशन (रोशनी), ग्वालियर का किया शैक्षणिक भ्रमण

**ग्वालियर, जीएनएस।**

व्हीआईएसएम ग्रुप ऑफ स्टडीज के अंतर्गत संचालित व्हीआईएसएम कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज के फिजियोथेरेपी पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को रामकृष्ण मिशन (रोशनी), ग्वालियर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस विजिट का उद्देश्य विद्यार्थियों को दिव्यांग एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के पुनर्वास तथा फिजियोथेरेपी के व्यावहारिक उपयोग से परिचित कराना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने ऐसे बच्चों के उपचार एवं पुनर्वास की प्रक्रिया को नजदीक से समझा, जो जन्म से ही शारीरिक अक्षमता अथवा विभिन्न



शारीरिक समस्याओं से प्रभावित हैं। विद्यार्थियों को बताया गया कि फिजियोथेरेपी, नियमित व्यायाम, एवं मानसिक पुनर्वास तकनीकों के माध्यम से बच्चों की शारीरिक एवं मानसिक क्षमता, गतिशीलता एवं दैनिक गतिविधियों में सुधार लाने का प्रयास किया जाता है। विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में बच्चों के लिए अपनाई जा रही विभिन्न फिजियोथेरेपी तकनीकों एवं पुनर्वास गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान विद्यार्थियों को यह भी समझने का अवसर मिला कि प्रत्येक बच्चे की शारीरिक व मानसिक स्थिति के अनुसार उपचार एवं थैरेपी की योजना किस प्रकार तैयार की जाती है। इस शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को कक्षा में प्राप्त सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक परिस्थितियों से जोड़ने तथा फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में मानवीय संवेदनाओं और जिम्मेदारियों को समझने का महत्वपूर्ण अवसर मिला। संस्थान के पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक एवं प्रायोगिक भ्रमण विद्यार्थियों के व्यावसायिक कौशल को विकसित करने के साथ-साथ उन्हें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने के लिए भी प्रेरित करते हैं। इस मौके पर पैरामेडीकल विभाग के शिक्षकगण मौजूद रहें।

## राघौगढ की ग्राम पंचायत आवन में 'सेवा सेतु अभियानसरकार आपके द्वार' अंतर्गत मेगा सेवा शिविर आयोजित

**गुना, जीएनएस।**

सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार के अंतर्गत जनपद पंचायत राघौगढ़ द्वारा ग्राम पंचायत आवन में ब्लॉक स्तरीय मेगा सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए गए तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं हितग्राही उपस्थित हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरविंद धाकड़ उपस्थित रहे। साथ ही जिला पंचायत सदस्य श्री लेखराज लोधा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राघौगढ़ श्री गौरीशंकर राजपूत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचाना, पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करना तथा प्राप्त आवेदनों एवं समस्याओं का यथासंभव मौके पर निराकरण करना रहा। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, आजीविका मिशन सहित विभिन्न विभागों से संबंधित योजनाओं की जानकारी एवं सेवाएँ उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा उपस्थित हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने, आवश्यक दस्तावेज समय पर पूर्ण कराने तथा योजनाओं में सक्रिय भागीदारी करने हेतु प्रेरित किया गया। विभिन्न विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों ने शिविर में प्राप्त प्रकरणों का परीक्षण कर आवश्यक मार्गदर्शन एवं कार्यवाही की। शिविर में महिलाओं, ग्रामीण नागरिकों एवं विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

# स्वच्छता हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी-कलेक्टर

### पंडित दीनदयाल पार्क में स्वच्छता अभियान आयोजित

**श्योपुर, जीएनएस।**

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने नगरपालिका श्योपुर के तत्वाधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क बस स्टैण्ड में आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है, हम अपने दायित्वो का निर्वहन कर सफाई मित्रों का सहयोग करें। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सेवा मेरा योगदान गतिविधि के क्रम में आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग, सीईओ जिला पंचायत श्री कार्तिकेय जायसवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री शशांक भूषण, पूर्व विधायक श्री दुर्गालाल विजय, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्री महावीर सिंह सिसौदिया, श्री कैलाशनारायण गुप्ता, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष श्री अशोक गर्ग, श्री रामलखन नापाखेडली, भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री राघवेन्द्र जाट, श्रीमती सरोज तोमर, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती नेहा कुलश्रेष्ठ, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्री ओम राठौर, सांसद प्रतिनिधि श्री सुजीत गर्ग, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री गौरीशंकर मीणा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री मोनू सोनी, श्री जुगल बंसल, श्री अकरम खान, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष श्री संजय मंगल, श्री महेश राठौर, श्री राजबहादुर मारू सहित पार्षदगण, अन्य जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर सफाई मित्रों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाने में सफाई मित्रों का योगदान महत्वपूर्ण है, सभी नागरिकों का दायित्व है कि वे स्वच्छता बनाये रखने में सहयोग प्रदान करें तथा कचरे को निर्धारित कचरा पात्रो में ही डालें। स्वच्छता का कार्य एक सामूहिक कार्य है।

इस अवसर पर उन्होंने लोगों से मानवीय अपील करते हुए कहा कि बाहरी आवरण के साथ ही अंतर्मन की स्वच्छता भी बहुत जरूरी है, जिससे व्यक्तित्व का विकास होता है और सरल सौम्य व्यवहार तथा सेवाभावी विचारों के संचार से सामाजिक दायित्वों को पूर्ण करने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिको द्वारा पंडित दीनदयाल पार्क की साफ-सफाई का कार्य किया गया। कार्यक्रम का संचालन उपयंत्री श्री पवन गर्ग ने तथा आभार प्रदर्शन सीएमओ श्री नरेन्द्र जाटव ने किया।

**सफाई मित्रों को प्रोत्साहन के लिए कलेक्टर ने चलाई मशीन**

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में साफ-सफाई एवं घास कटाई के दौरान सफाई मित्रों को प्रोत्साहित करने के लिए स्वयं ग्रास ट्रिमर मशीन चलाई गई तथा सफाई कर्मियों के प्रति धन्यवाद और आभार प्रदर्शित किया गया।

### सेवा मेरा योगदान अभियान के तहत माधव वृद्धाश्रम पहुंचे समाजसेवी, फल और भोजन प्रसादी का किया वितरण

# वृद्धजनों के साथ संवाद कर सेवा का लिया संकल्प

**ग्वालियर जीएनएस**

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद से संबद्ध नवांकुर संस्था सर्वे भवन्तु सुखिन समिति द्वारा 'सेवा मेरा योगदान' अभियान के तृतीय दिवस 4 अक्टूबर को माधव वृद्धाश्रम में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान संस्था के सदस्यों और समाजसेवियों ने वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों के साथ संवाद कर उनके मन के भाव साझा किए और सुख-दुख में साथ देने तथा हरसंभव सहयोग प्रदान करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि केआरजी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती साधना श्रीवास्तव थीं। उन्होंने वृद्धजनों से संवाद करते हुए कहा कि वर्तमान में श्राद्ध पक्ष चल रहा है। ऐसे समय में वृद्धजनों के बीच आकर उन्हें माता-पिता जैसा स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त करना अपने आप में भावपूर्ण अनुभव है। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों की सेवा और उनके साथ



आत्मीयता से समय बिताना समाज की जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर सभी वृद्धाश्रमवासियों को फल वितरित किए गए। इसके साथ ही मुख्य अतिथि डॉ. श्रीमती साधना श्रीवास्तव की ओर से वृद्धजनों के लिए सुरुचिपूर्ण भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई। भोजन के दौरान भी समाजसेवियों ने वृद्धजनों के साथ समय बिताया और उनकी आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी अरुण सिंह चौहान, कमल जगवानी, अरविंद कुशवाहा, अशोक रजक, गजेंद्र सिंह तोमर, हर्ष अरोरा सहित अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे। सभी ने वृद्धजनों के साथ आत्मीय संवाद करते हुए भविष्य में भी उनकी आवश्यकताओं के अनुसार सहयोग करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान संस्था के सदस्यों ने कहा कि सेवा केवल सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरतमंद और बुजुर्ग लोगों के साथ अपनत्व का भाव रखते हुए उनके सुख-दुख में सहभागी बनना भी सेवा का महत्वपूर्ण रूप है। इसी भावना के साथ 'सेवा मेरा योगदान' अभियान के अंतर्गत विभिन्न सेवा गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

### महाराजा अग्रसेन के रथ के साथ निकली रैली में 2000 से अधिक समाजबंधु हुए शामिल

# अग्रवाल जागरण वाहन रैली का जगह-जगह हुआ स्वागत

**ग्वालियर जीएनएस**

अग्रसेवा संस्थान द्वारा आयोजित अग्रवाल जागरण वाहन रैली को सोमवार को कोटेश्वर मंदिर से धर्म ध्वजा लहराकर रवाना किया गया। भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल, पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल, ग्वालियर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता तथा संस्थान के अध्यक्ष अजय जैन ने रैली को रवाना किया। रैली रवाना होने से पहले अतिथियों का संस्थान के पदाधिकारियों ने शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मान किया।

रैली निर्धारित मार्ग से होते हुए गोपाल मंदिर फूलबाग पहुंचकर संपन्न हुई। इसमें महाराजा अग्रसेन



जी के रथ के साथ तीन डीजे, 40 टमटम, 20 निजी चार पहिया वाहन और करीब 400 दोपहिया वाहनों के साथ लगभग 2000 अग्रवाल समाजबंधु शामिल हुए।

रैली का अग्रवाल समाज के विभिन्न संगठनों ने जगह-जगह स्वागत किया। समाजबंधुओं का फूलों की वर्षा और स्वल्पाहार से स्वागत किया गया। गोपाल मंदिर पर राजस्थान स्टोन क्रेशर सदस्यों की ओर से भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई।

अग्रसेवा संस्थान के अध्यक्ष अजय जैन सहित उपाध्यक्ष डॉ. अरविंद मित्तल, श्रीराम गोयल, रविशंकर अग्रवाल, महासचिव अशोक कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष रवि गुप्ता, समन्वयक नवल किशोर गोयल, ओमप्रकाश सिंघल, युवा अध्यक्ष विपिन खेतान, महिला अध्यक्ष नीलम गर्ग सहित अन्य पदाधिकारी एवं समाजबंधु रैली में शामिल रहे। संस्थान ने रैली को सफल बनाने में सहयोग के लिए समाजबंधुओं के साथ जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और पत्रकारों का आभार व्यक्त किया।

# जरूरतमंदों की सेवा से मिलती है पितरों को तृप्ति : डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी





**ग्वालियर जीएनएस**

श्राद्ध पक्ष के पवित्र दिनों में विप्रा ब्राह्मण महिला मंच की ओर से मंगलधाम वृद्धाश्रम में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मंच की सदस्यों ने जरूरतमंदों को भोजन कराया और सेवा के महत्व का संदेश दिया।

मंच की संस्थापिका डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी ने कहा कि दीन-दुखियों और जरूरतमंदों को भोजन कराना सबसे बड़ा पितृ सेवाकार्य है। पितृ पक्ष में जरूरतमंदों को भोजन कराने और अन्नदान करने से पितरों को तृप्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि भोजन केवल शरीर की आवश्यकता पूरी करने का माध्यम नहीं, बल्कि श्रद्धा, प्रेम और सेवा भावना का प्रतीक भी है। इसलिए श्राद्ध पक्ष के दौरान प्रत्येक व्यक्ति को अपनी सामर्थ्य के अनुसार जरूरतमंदों की सेवा करनी चाहिए।

मंच की सचिव डॉ. राजरानी शर्मा ने कहा कि निस्वार्थ भाव से किया गया दान हमेशा फलीभूत होता है। मानव जीवन में दान और सेवा का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही माधव सेवा है। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी सामर्थ्य के अनुसार गरीब और जरूरतमंद लोगों को अन्न, वस्त्र तथा अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के लिए आगे आना चाहिए।

उन्होंने कहा कि समाज में ऐसे लोगों की संख्या कम नहीं है, जिन्हें सहयोग और अपनत्व की आवश्यकता होती है। ऐसे में सेवा कार्यों के माध्यम से जरूरतमंदों की सहायता करने के साथ समाज में संवेदना और सहयोग की भावना को भी मजबूत किया जा सकता है। इस अवसर पर कृष्णा शर्मा, सुमन शर्मा, ज्योति शर्मा, रश्मि त्रिपाठी, रंजना गर्ग, भारती शर्मा, गीता शर्मा सहित विप्रा ब्राह्मण महिला मंच की अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

# विद्यार्थी जीवन में लक्ष्य तय करें : कमल जगवानी





**ग्वालियर जीएनएस**

'सेवा मेरा योगदान' अभियान सप्ताह के अंतर्गत द्वितीय दिवस पर नवांकुर संस्था सर्वे भवन्तु सुखिन समिति द्वारा नगर विकास प्रस्फुटन समिति गुढ़ा एवं हुजरात के सानिध्य में विद्यार्थियों के लिए कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला आयोजित की गई। अरुण हायर सेकंडरी स्कूल गुढ़ा में आयोजित कार्यशाला में करीब 50 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य वक्ता एवं काउंसलर कमल जगवानी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में सबसे पहले अपने जीवन का एक लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। लक्ष्य तय करने के बाद उसके प्रति निरंतर चिंतन, प्रयास और धैर्य बनाए रखना जरूरी है।

### क्षमावाणी समारोह में बोले आशीष अग्रवाल, नारायण सिंह कुशवाह ने कहा- जैन समाज देता है प्राणी मात्र की रक्षा का संदेश

# क्षमा ही सबसे बड़ा धर्म : आशीष अग्रवाल

**ग्वालियर जीएनएस**

दिगंबर जैन वरैया पंचायती बड़ा मंदिर, मामा का बाजार की ओर से रविवार को कुशवाह मैरिज गार्डन, सिकंदर कंपू रोड पर क्षमावाणी समारोह आयोजित किया गया। समारोह के विशिष्ट अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कहा कि मानव जीवन में रोजमर्रा के कार्यों के दौरान जाने-अनजाने कुछ ऐसे कार्य हो जाते हैं, जिनसे किसी दूसरे व्यक्ति का मन दुखी हो सकता है। जैन धर्म हमें अपनी गलती स्वीकार करने और उसके लिए क्षमा मांगने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि जैन धर्म ने समाज



को उत्तम क्षमा का मार्ग दिखाया है और क्षमा ही सबसे बड़ा धर्म है।

समारोह के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि जैन समाज प्राणी मात्र की रक्षा और अहिंसा का संदेश देता है। जैन संतों ने 'क्षमा वीरस्य भूषणम्' का संदेश दिया है। क्षमावाणी पर्व आत्मशुद्धि और प्रायश्चित का अवसर है। वर्षभर में जाने-अनजाने हुई गलतियों या ऐसे कार्यों, जिनसे किसी का मन दुखा हो, उनके लिए इस पर्व पर एक-दूसरे से क्षमा मांगने की परंपरा है। उन्होंने कहा कि क्षमावाणी के अवसर पर वह भी जैन समाज से अपनी भूलों के लिए क्षमा याचना करते हैं।

समारोह के प्रारंभ में कैबिनेट मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, आशीष अग्रवाल, भाजपा जिला मंत्री अमित बंसल एवं मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने आचार्यश्री विद्यासागर के चित्र का अनावरण कर दीप प्रज्वलित किया। इसके बाद अतिथियों का आरसी जैन, बसंत जैन, डीके जैन, दिनेश जैन, धीरज जैन और प्रदीप जैन ने स्वागत किया तथा स्मृति चिह्न भेंट किए।

समारोह में समाज के वरिष्ठजन रामचरण लाल जैन, अनंत कुमार जैन, आरसी जैन, नंदकुमार जैन और जगदीश जैन को सम्मानित किया गया। समाज के कार्यों में विशेष योगदान देने वाले प्रदीप जैन कैटर्स, संजीव जैन, प्राची जैन और सचिन जैन को भी सम्मानित किया गया।

पार्श्वनाथ बहू मंडल मामा का बाजार की ओर से दशलक्षण पर्व में पांच से दस उपवास करने वाले श्रावकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान जैन समाज के लोगों ने क्षमा, आत्मसंयम और परस्पर सौहार्द का संदेश दिया।

**Name change**

I SAHIN ALI S/O SAHADAT ALI. HAVE CHANGED MY NAME AS SAHIN ALI MALLIK. NOW I WILL KNOWN BY MY NEW NAME AS SAHIN ALI MALLIK.

ADD. MADHAVGANJ KABUTAR KI HAT MASJID KE PASS LASHKAR GWALIOR (M.P.) - 474001

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक रामकिशन तायल 'फौजी' ने श्रमसाधना प्रिन्टर्स, भगवती निवास पारखजी का बाड़ा दौलतगंज, ग्वालियर से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : महेश तायल समाचार चयन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत अधिकृत
e.mail- Shramsadhnagwl@gmail.com ph. 0751-2625029, 98270 17078, 9425007142 समाचार पत्र में प्रकाशित सभी आलेखों में लेखकों के अपने विचार हैं। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र ग्वालियर होगा।